DR. ANUSHKA VIDHI MAHAVIDYALAYA
B.A.LL.B. 5 Years Course
LL.B. 3 Years Course | LL.M. 2 Years Course
9414263458

# यूथ की आवाज़

वर्ष 05 अंक 361 पृष्ठ 10 मूल्य 04 रुपये उदयपुर मंगलवार 23 जुलाई 2024 Youth Ki Awaaz

ANUSHKA ACADEMY
IAS RAS BANK SSC
8233223322

www.youthkiawaaz.co.in
अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए जम्मू से 3,113 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना 6 | संजय सिंह बोले- क्या कोई व्यक्ति खुद अपनी सेहत से खिलवाड़ करेगा? केजरीवाल को जान से मारने की साजिश 06

BADALA CLASSES
बड़ाला क्लासेज, Guru Ramdas Colony, Udaipur
94134 95256
CA-FOUND. 2023
35 Students scored more than 300+ Marks
बड़ाला क्लासेज ने तोड़े पुराने सारे रिकॉर्ड
State Topper | HIGHEST IN RAJASTHAN | State Topper
361 Marks 1st Rank PARNIL KHAMESRA DEC. 2023
351 Marks 2nd Rank CHHAVI KALRA DEC. 2023
351 Marks 1st Rank TITHI BOHRA JUNE 2023
136 ALL INDIA RANKS IN CA, CS

## एक नजर

### नीतीश सरकार पर राबड़ी देवी का वार, बोलीं- बिहार में गुंडा और माफियाओं का राज

**नयी दिल्ली ।** राजद का साफ तौर पर कहना है कि हत्या ही हत्या! अपराध ही अपराध! किस मुँह से करते हैं ये ठउक्ष वाले बिहार में 'सुशासन' की बात? इससे पहले बिहार में बढ़ती अपराध की घटनाओं एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में कठउक्ष गठबंधन द्वारा प्रतिरोध मार्च का आयोजन किया गया।

बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था की कोई स्थिति नहीं है। बिहार में 'गुंडा राज' 'माफिया राज' है। दरअसल, आज से बिहार में मानसून सत्र शुरू हो रहा है। राबड़ी देवी ने बिहार विधान परिषद के सभापति पद के लिए अवधेश नारायण सिंह का समर्थन किया है। राबड़ी देवी ने कहा कि आज सदन का पहला दिन है और अपराध पर आगे बोलेंगी। दरअसल राजद का दावा है कि बिहार में भगवान भरोसे राज चल रहा है।

# पीएम मोदी ने आर्थिक सर्वेक्षण की सराहना की, बोले- यह हमारी अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को दशार्ता है

**नयी दिल्ली ।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आर्थिक सर्वेक्षण की सराहना की और कहा कि इसमें भारतीय अर्थव्यवस्था की 'मौजूदा ताकत' पर प्रकाश डाला गया है। यह टिप्पणी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में बजट पेश करने से एक दिन से भी कम समय पहले आई है। उन्होंने एक एक्स पोस्ट में लिखा कि आर्थिक सर्वेक्षण हमारी अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकतों पर प्रकाश डालता है और हमारी सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी दशार्ता है। जैसे-जैसे हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, यह आगे के विकास और प्रगति के क्षेत्रों की भी पहचान करता है।



## संसद में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से राहुल गांधी की तीखी नोकझोंक, नीट को लेकर लगाए गये आरोप-प्रत्यारोप




**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में कथित लीक को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तीखी नोकझोंक की।

पिछले काफी समय से नीट एग्जाम को लेकर लगातार विवाद चल रहा है। विवाद बढ़ने के बाद अब इस पर बहस की गूंज संसद में भी सुनाई पड़ रही है। नीट पर मचे विवाद पर राहुल गांधी ने आज संसद में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से कई सवाल किए। गांधी के के सवालों का धर्मेंद्र प्रधान ने तीखा जवाब दिया जिसके बाद संसद में दोनों के बीच गर्म बातचीत हुई। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में कथित लीक को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तीखी नोकझोंक की।

## चर्चा में योगी आदित्यनाथ, क्या यूपी को लेकर कोई बड़ा फैसला करने जा रही है बीजेपी ! उपचुनाव का हो रहा इंतजार



**नयी दिल्ली।** योगी आदित्यनाथ को लेकर भले ही संगठन के कुछ लोगों में नाराजगी हो लेकिन आम लोग उनको लेकर अभी भी सकारात्मक है। कुछ लोग यह भी दावा कर रहे हैं कि सरकार में बहुत ज्यादा परिवर्तन की गुंजाइश नहीं है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की स्थिति को लेकर सियासी हलचल जबरदस्त तरीके से जारी है। योगी आदित्यनाथ को लेकर तमाम अटकलें लगाई जा रही हैं। दावा किया जा रहा है कि 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के बाद राज्य में भाजपा सत्ता परिवर्तन को लेकर बड़ा कदम उठा सकती है। हालांकि कुछ लोग यह बात भी मानते हैं कि योगी आदित्यनाथ को अगर सीएम पद से हटाने की कोशिश होगी या हटाया जाता है तो इससे पार्टी को निपटाने के लिए भी तैयार रहना होगा।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने सीएम योगी के विभाग से आरक्षण का ब्यौरा मांगा, बीजेपी में अंदरूनी विवाद के बीच पत्र चर्चा में

**नयी दिल्ली।** पत्र में केशव मौर्य ने उल्लेख किया है कि उन्होंने 11 अगस्त 2023 को विधान परिषद में इस मुद्दे को उठाया था और अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करने की मांग की थी। हालांकि, 16 अगस्त 2023 को प्राप्त उत्तर में अपेक्षित जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई, जिसके कारण मौर्य ने फिर से पत्र लिखा है।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विभाग को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने नियुक्ति और कार्मिक विभाग के अपर मुख्य सचिव से आउटसोर्सिंग और संविदा पर काम कर रहे कर्मचारियों का ब्यौरा मांगा है।

पत्र में केशव मौर्य ने उल्लेख किया है कि उन्होंने 11 अगस्त 2023 को विधान परिषद में इस मुद्दे को उठाया था और अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करने की मांग की थी। हालांकि, 16 अगस्त 2023 को प्राप्त उत्तर में अपेक्षित जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई, जिसके कारण मौर्य ने फिर से पत्र लिखा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी विभागों से कर्मचारियों की सूची एकत्र करके प्रस्तुत करें, ताकि समुचित अवलोकन किया जा सके।



## केशव मौर्य को अखिलेश यादव ने दिया एक और ऑफर, बोले- समय के हिसाब से चलेगा, अभी तो विंटर...

**नयी दिल्ली ।** उत्तर प्रदेश में भाजपा में मची उठा पटक की स्थिति विपक्ष को हौसला दे रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य के बीच तनातनी की खबरें हैं। यही कारण है कि अखिलेश यादव लगातार केशव मौर्य को निशाने पर ले रहे हैं। मानसून ऑफर के बाद अखिलेश यादव ने अब केशव मौर्य को विंटर ऑफर भी दे दिया है। उन्होंने कहा कि अभी बारिश हो रही है। फिर विंटर ऑफर आएगा। उन्होंने कहा कि ये जो ऑफर है समय के हिसाब से चलेगा। ये पूरे मॉनसून चलेगा ऑफर। फिर विंटर ऑफर आएगा।




# पहले दिन ही लोकसभा में हुआ हंगामा, मंगलवार को बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**नयी दिल्ली ।** सरकार ने सोमवार को संसद के दोनों सदनों में वित्त वर्ष 2023-24 की आर्थिक समीक्षा पेश की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद अध्यक्ष ओम बिरला की अनुमति से आर्थिक समीक्षा की प्रति सदन के पटल पर रखी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 पेश करने के साथ सोमवार को संसद का बजट सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने नीट पेपर लीक मामले से लेकर रेलवे सुरक्षा जैसे कई प्रमुख मुद्दों पर एनडीए सरकार को घेरा। कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया को संबोधित किया। वित्त मंत्री 23 जुलाई को 2024-25 के लिए केंद्रीय बजट पेश करने वाली हैं। एनडीए के लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के बाद यह मोदी सरकार का पहला बजट है। अप्रैल-जून में आम चुनाव होने के बाद यह संसद का पहला मानसून सत्र है।



## क्या नीतीश छोड़ेगे पीएम मोदी का साथ? विशेष राज्य को लेकर केंद्र की ना के बाद आई खउ्ब सांसद की प्रतिक्रिया

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय बजट से पहले वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जाएगा। उनकी टिप्पणी विशेष दर्जे पर जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) नेता रामप्रित मंडल के सवाल के लिखित जवाब के रूप में आई। मंडल ने मंत्री से पूछा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलेगा या नहीं, इसका कारण बताए। अपने लिखित जवाब में मंत्री चौधरी ने कहा कि अंतर मंत्रालयी समूह की 2012 की रिपोर्ट के आधार पर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जा सकता।



## सार-संक्षेप

### वृक्षम अमृतम को मिला सम्मान



**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साई मंदिर सेक्टर 6 की ओर से पंडित राजेंद्र कुमार वासु, और कैलाश सेन द्वारा वृक्षम अमृतम संस्थान के अध्यक्ष गोपेश शर्मा, सचिव यशवंत त्रिवेदी, एक्जीक्यूटिव सदस्य शिव शंकर पालीवाल, महेश उपाध्याय और सह सचिव निलेश पालीवाल को वृक्षारोपण के लिए उपरणा ओढ़ाकर, पगड़ी और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंदिर की और से प्रेम बदलानी, मनीष रूपचंदानी सहित सेकडो साई भक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तारा व्यास ने किया। मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि वृक्षम अमृतम संस्थान ने उदयपुर को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया है ताकि पर्यावरण शुद्ध हो सके। कार्यक्रम के अंत में साई की महाआरती और भंडारे का आयोजन किया गया।

### मेनारिया संभाग अध्यक्ष मनोनीत



**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** मेवाड़ जनशक्ति दल कार्यकारिणी की बैठक स्थानीय कार्यालय में सोमवार को आयोजित हुई। जिसमें मार्गदर्शक मंडल, संरक्षक मंडल के निदेर्शानुसार संस्थापक नरेश कुमार शर्मा ने समाजसेवी पूर्व पार्षद जगदीश मेनारिया को उदयपुर संभाग अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर एडवोकेट निर्मल कुमार पण्डित, संभाग महामंत्री नंदलाल जोशी, आकाश बागड़ी सहित कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

### ग्रीन पीपल सोसायटी की मासिक बैठक में हुई आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध ग्रीन पीपल सोसायटी की मासिक बैठक सोमवार को सोसायटी अध्यक्ष सेवानिवृत आईएफएस राहुल भटनागर की अध्यक्षता में अरण्य कुटीर में आयोजित हुई। बैठक में सोसायटी द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति के साथ आगामी दिनों आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# भगवान महावीर का संदेश पंथ नहीं पथ की ओर अग्रसर हो : बालयोगी मुनि श्रुतधरनंदी

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** गोवर्धन विलास हिरण मगरी सेक्टर 14 स्थित गमेर बाग धाम में श्री दिगम्बर जैन दशा नागदा समाज चेरिटेबल ट्रस्ट एवं सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में गणधराचार्य कुंथुसागर गुरुदेव के शिष्य बालयोगी मुनि श्रुतधरनंदी महाराज, मुनि उत्कर्ष कीर्ति महाराज, क्षुलक सुप्रभात सागर महाराज के सान्निध्य में प्रतिदिन वषार्वास के प्रवचन एवं विविध आध्यात्मिक व धार्मिक क्रियाएं सम्पन्न हो रही है। चातुर्मास समिति के महावीर देवड़ा ने बताया कि सोमवार को बालयोगी मुनि श्रुतधरनंदी महाराज के सान्निध्य में गमेर बाग धाम में श्रावक श्राविकाओं ने संगीतमयी भक्तिभाव के साथ भक्ति नृत्य किये और शारीरिक रोग, मन शोक, पीड़ा, गृह क्लेश निवारण, नवग्रह गृह सुख शांति समृद्धि धन, व्यापार लाभदायक ऋषि मुनियों की आराधना की। धर्मसभा के पूर्व शंतिधारा, अभिषेक, शास्त्र भेंट, चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन जैसे मांगलिक आयोजन हुए। सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत व महामंत्री सुरेश पद्मावत ने संयुक्त रूप बताया कि मुनिश्री का पाद प्रक्षालन ब्रजलाल खलुडिया एवं श्रीपाल धर्मावत ने किया। इस अवसर आयोजित धर्मसभा में बालयोगी मुनि श्रुतधरनंदी महाराज ने अपने प्रवचन में कहां कि आज वीर शासन जयंती है।



आज ही के दिन भगवान महावीर की वाणी प्रथम बार खीरी थी। भगवान महावीर ने संसार में जीओ व जीने दो का अंहिसक संदेश दिया। भगवान महावीर ने पंथ नहीं पथ की ओर अग्रसर हो ऐसी भावना के साथ सभी का मार्गदर्षक दिया। सभी व्यक्यिों में कुछ न कुछ योग्यता होती है, उसकी पहचान करना ही आगे बढ़ने का मार्ग है। कार्यक्रम का संचालन पुष्कर जैन भदावत ने किया। इस इस दौरान सकल जैन समाज के सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।




# जे एस जी प्रताप का एक पौधा गुरु के नाम में दिखा पर्यावरण प्रेम

## ग्रुप के 60 सदस्यों ने किया नीम के 60 पौधों का रोपण

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** मावली विधायक पुष्कर डांगी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए पौधरोपण से बढ़िया कोई उपाय नहीं हैं। लोग बरसात के इस मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल का भी संकल्प लें तो प्रदूषण काबू में किया जा सकता है। विधायक डांगी रविवार को डबोक मार्ग पर जेएसजी प्रताप की ओर से गुरु पूर्णिमा पर आयोजित एक पेड़ गुरु के नाम पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर ग्रुप के 60 सदस्यों ने नीम के 60 पौधों का रोपण किया। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष निर्मल पोखरना ने कहा की साठ सदस्यों द्वारा लगाए गए 60 नीम के पौधों की देखरेख करेंगे। पोखरना ने पौधारोपण को पर्यावरण व मानव जीवन के लिए अनिवार्य बताते हुए कहा कि पौधारोपण



हम सब की सामाजिक व नैतिक जिम्मेवारी है. इसलिए सभी अधिक से अधिक पौधारोपण करें तथा अपने परिजनों व दोस्तों को इसके लिए प्रेरित करें। ग्रुप अध्यक्ष दशरथ पोरवाड ने कहा कि पौधारोपण मानव जीवन के भविष्य के लिए अनिवार्य है। अगर हम अभी नहीं संभलें तो इसका खामियाजा भविष्य में भुगतना पड़ेगा। इस मौके पर सीसीएफ आर के जैन ने कहा की पेड़ -पौधे पृथ्वी के श्रृंगार है, पर्यावरण संतुलन में इनका होना अनिवार्य है, एक पौधा जब पेड़ बनाता है तो इसकी कीमत 38 लाख होती है और एक पेड़ 17 लाख रुपए की ऑक्सीजन दे देता है। इस मौके पर समाज सेवी राजेंद्र गोखरू, मावली प्रधान नरेंद्र जैन, सचिव शिशिर बया आदि उपस्थित थे।

### निःशुल्क एंटीनेटल केयर कैंप आयोजित

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर अशोका एवं शांतिराज हॉस्पिटल (पिंक आईवीएफ) के साझे में रविवार को साप्ताहिक फ्री एंटीनेटल केयर कैंप आयोजित किया गया। जिसमें गाइनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर अर्चना जैन ने गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व रखी जाने वाली सावधानियों सहित उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर अशोका के अध्यक्ष गिरीश राजानी ने बताया कि इस निशुल्क कैंप में कई गर्भवती महिलाओं ने चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ लिया। उक्त केप 21 जुलाई से 27 जुलाई तक लगाया जाएगा। क्लब का उद्देश्य अधिक से अधिक मातृशक्ति को लाभ पहुचाना है। पूर्व अध्यक्ष मुकेश माधवानी ने बताया कि शिविर में सचिव रजनीश कुमावत,अस्सिस्टेंट गवर्नर भव्या गर्ग, डॉ.विनीत छादवानी, भानु पूर्बिया, हरिओम पालीवाल, शरद बंसल, ओम दवे आदि ने भी अपने विचार रखे।

## संक्षिप्त-समाचार

### बड़गांव मोक्षधाम में किया पौध रोपण

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर की ओर से पौध रोपण सेवा कार्य के तहत सोमवार को बड़गांव स्थिम मोक्षधाम पर पौध रोपण किया गया। ग्राम पंचायत बड़गांव और सनराईज ग्रुप के सौजन्य से मोक्षधाम में बड़गांव सरपंच संजय शर्मा और पंचायत समिति सदस्य



भुवनेश व्यास ने पौध रोपण की शुरूआत की। इस दौरान मौजूद जनप्रतिनिधियों, बड़गांव और बेदला के गणमान्य नागरिकों और राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर की सेवा टीम से जुड़े सदस्यों ने भी पौध रोपण किया। संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि सनराईज ग्रुप के सौजन्य से संस्थान द्वारा इन दिनों सार्वजनिक स्थानों,सरकारी स्कूल परिसर,,खेल मैदान के साथ ही शहर के विभिन्न थानों में भी विभिन्न प्रजाति के पौधरोपण करने के साथ ही आमजन को निशुल्क पौध वितरण भी किया जा रहा है।

**सभी ने दिखाया पर्यावरण प्रेम**

बड़गांव मोक्षधाम में पौध रोपण सेवा कार्य में बड़गांव के पूर्व सरपंच जमनालाल शर्मा, पूर्व उप सरपंच जमनालाल गमेती, चुन्नीलाल सुथार, पर्वतसिंह, चट्टानसिंह, विनोद शर्मा, चौथमल टांक, प्रकाश जोशी, युगलकिशोर जोशी, केशव व्यास, पुष्पकांत व्यास, पूंजीलाल शर्मा, ललित जोशी, खुशवंत व्यास, चेतन शर्मा, निर्णय शर्मा, मोहनलाल शर्मा, उमेश श्रीमाली, धनश्याम त्रिवेदी, ख्यालीलाल व्यास, गिरिराज शर्मा, सुरेंद्र सिंह, मांगीलाल गमेती, अशोक गमेती, प्रेम नारायण शर्मा, खेमराज शर्मा, तुलसीराम शर्मा, सुनील शर्मा, सिवांश सुथार, प्रेम नारायण शर्मा, सत्यनारायण त्रिवेदी ने भी पौध रोपण किया।

### ठा. अमरचंद बड़वा जन्म जयंती समारोह मे वाहन रैली व पुष्पांजलि सभा का आयोजन



**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** ठा. अमरचंद बड़वा स्मृति संस्थान व लोकजन सेवा संस्थान के सांझे मे 25 वर्षों तक मेवाड़ के प्रधानमंत्री रहे ठाकुर अमरचंद बड़वा की 304 वी जन्म जयंती समारोह कार्यक्रमों की शुरूआत सोमवार 22 जुलाई (श्रावण कृष्ण प्रतिपदा) को शोभागपुरा सौ फिट रोड़ पर प्रस्तावित बड़वा चौराहा पर ठाकुर अमरचंद बड़वा के आदमकद चित्र पर पुष्पांजलि व जयघोष से हुई। बड़वा स्मृति संस्थान के उपाध्यक्ष प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी व पूर्व कुलपति प्रोफेसर उमा शंकर शर्मा ने की, विशिष्ठ अतिथि ग्रुप कैप्टन गजेन्द्र सिंह शक्तावत व पूर्व पार्षद विजय प्रकाश विप्लवी रहे। प्रो विमल शर्मा ने ध्वजा व बैनर से सुसज्जित दुपहिया व चारपहिया वाहनों की रैली को झंडी दिखा रवाना किया। अमरचंद बड़वा पर लिखित गीत व अमरचंद बड़वा अमर रहे के नारों से गूंजती रैली प्रमुख मार्गो से होकर गंगु कुण्ड आयड महासत्या पहुची। यहां ठा अमर चंद्र बड़वा की छतरी पर पुष्पांजलि व जनसभा हुई। इस जनसभा की अध्यक्षता पूर्व पार्षद जगत नागदा ने की व प्रबुद्ध विचारक भंवर सेठ एवं जय राज आचार्य मुख्य अतिथि रहे। जन सभा को इतिहासकार डा मनीष श्रीमाली, डा राजेन्द्र नाथ पुरोहित, डा अनिल शर्मा, डा विमल शर्मा व जय किशन चौबे आदि ने संबोधित करते हुए ठा. अमरचंद बड़वा के चरित्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम मे भाग लेने वालों मे प्रमुख बाबूलाल गौड़, डा. रमाकांत शर्मा, गणेश लाल नागदा, शरद भारद्वाज, अविनाश खटीक, राजेन्द्र प्रसाद सनाढ्य, डा धर्मवीर वशिष्ठ, रवि शर्मा, ओम राठौड़, गोविन्द लाल शर्मा, मनीष गोलच्छा, डा. गणेश चौहान, शंकर लाल तेली, शांति लाल जैन, चन्द्र प्रकाश चित्तौड़ा, ओम प्रकाश माली, नरेन्द्र उपाध्याय, सुरेश तंबोली, दिलीप रावत सहित सभी कार्यकारिणी उपस्थित रहे।

# संसार रूप में महाभारत मिटाने के लिए जैन महाभारत का श्रवण हितकारी : आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्तवावधान में तपोवन की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ में रामचन्द्र सुरिश्वर महाराज के समुदाय के पट्टाधर, गीतार्थ प्रवर, प्रवचनप्रभावक आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा का चातुर्मास की धूम अब चार माह तक जारी रहेगी। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि सोमवार को आयड़ तीर्थ के आत्म वल्लभ सभागार में सुबह 7 बजे संतों के सानिध्य में ज्ञान भक्ति एवं ज्ञान पूजा, अष्ट प्रकार की पूजा-अर्चना की गई। वहीं सभी श्रावक-श्राविकाओं ने जैन महाभारत ग्रंथ की पूजा-अर्चना की। आयड़ तीर्थ में 70 तपस्वी बीस विहरमान तप की तपस्या कर रहे है जो निरंतर 40 दिनों तक चलेगी। महासभा अध्यक्ष तेजसिंह बोल्या ने बताया कि आयोजित धर्मसभा में आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर ने अपने प्रवचन में बताया कि क्रोध, घमण्ड, कपट, लालच की महाभारत हमारे मन में अनन्त काल से चली हाई है। उनका अंत करने के लिए जैन महाभारत का श्रवण



उपयोगी है। ऐसा यह महाभारत है जहां कदम-कदम पर प्रेरणा से भरी है। चातुर्मास संयोजक अशोक जैन व प्रकाश नागोरी ने बताया कि चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 9.30 बजे आचार्य हितवर्धन सुरश्वर द्वारा जैन महाभारत पर रोचक प्रवचन होंगे वहीं प्रत्येक रविवार को सुबह 9.30 से 11 बजे तक अलग-अलग करन्ट विषयों पर आचार्य का जाहिर प्रवचन होंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष तेजसिंह बोल्या, कुलदीप नाहर, अशोक जैन, प्रकाश नागौरी, चतर सिंह पामेचा, राजेन्द्र जवेरिया, नरेन्द्र शाह, हिम्मत मुर्डिया, कैलाश मुर्डिया, असीम सिंघवी सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

# रैडिसन ब्लू पैलेस रिजॉर्ट एण्ड स्पा, उदयपुर को मिला बेस्ट डेस्टिनेशन वेडिंग रिजॉर्ट ऑफ द ईयर (नॉर्थ) अवार्ड

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** रैडिसन ब्लू पैलेस रिजॉर्ट एण्ड स्पा, उदयपुर जोकि दुनिया की प्रमुख इंटरनेशनल चेन रैडिसन होटल्स की भव्य संपत्तियों में से एक है, को द इकोनॉमिक टाइम्स एमआइसीई एण्ड वेडिंग टूरिज्म अवार्ड में ह्यबेस्ट डेस्टिनेशन वेडिंग रिजॉर्ट ऑफ द ईयर (नॉर्थ) का अवार्ड मिला है। ईटी ट्रैवेल वर्ल्ड द्वारा ऑरिका होटल्स एण्ड रिजॉर्ट्स, मुंबई में आयोजित एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम में इस प्रॉपर्टी को सम्मानित किया गया। भारत यहां होने वाली बड़े पैमाने की भव्य शादियों के लिए मशहूर है, जिनमें शान-ओ-शौकत और लग्जरी दिखती है। इधर, उदयपुर भी दुनिया में वेडिंग टूरिज्म के मामले में अग्रणी है। रैडिसन ब्लू पैलेस रिजॉर्ट एण्ड स्पा, उदयपुर को झीलों के शहर के प्रमुख वेडिंग डेस्टिनेशंस के तौर पर पहचान मिली है। यहाँ कई अमीरों और सेलेब्रिटीज की कई शादियाँ हो चुकी हैं। विवाह के पवित्र बंधन में बंधने वाले जोड़ों को यहाँ यादगार अनुभव मिले हैं। यह सम्मान पाना शादी के लिये एक भरोसेमंद जगह के रूप में इसकी प्रतिष्ठा को और भी मजबूत करता है। इसकी प्रतिष्ठा सिर्फ उदयपुर में ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में है। रैडिसन ब्लू पैलेस रिजॉर्ट एण्ड स्पा, उदयपुर के चेयरमैन एवं एमडी सोमेश




अग्रवाल ने कहा कि हम द ईटी एमआइसीई एण्ड वेडिंग टूरिज्म अवाड्र्स 2024 को पाकर बहुत खुश हैं। बेस्ट डेस्टिनेशन वेडिंग रिजॉर्ट ऑफ 2024 (नॉर्थ) कैटेगरी में हमारी जीत वर्षों की हमारी कड़ी मेहनत का सबूत है, जो हमने एक डिमांडिंग वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर खुद को स्थापित करने के लिये समर्पित होकर की है। शुरूआत से ही हमने वेडिंग इंडस्ट्री पर ध्यान दिया है और उद्योग के प्रतिष्ठित फोरम्स पर हमारे प्रयासों को सम्मान मिलना बड़ी खुशी की बात है। हमारी कोशिशों को पहचान देने के लिये हम जूरी और ईटी एमआइसीई एण्ड वेडिंग टूरिज्म अवाड्र्स की टीम के आभारी हैं। द इकोनॉमिक टाइम्स एमआइसीई एण्ड वेडिंग टूरिज्म अवाड्र्स उन कंपनियों और अग्रणी ब्रैंड्स की उपलब्धियों तथा योगदानों को सम्मानित करते हैं, जो एमआइसीई टूरिज्म, एमआइसीई-टेक कंपनियों, ट्रैवेल एग्रीगेटर्स, होटल्स, एयरलाइंस, टूर ऑपरेटर्स, सर्विस प्रोवाइडर्स, वेडिंग एवं इवेंट प्लानर्स के साथ काम करती हैं। यह कंपनियाँ और ब्रैंड्स अपने-अपने व्यवसायों में नये मापदण्ड स्थापित कर रहे हैं। यह दूसरा शानदार संस्करण था, जिसमें मंत्रियों और राजदूतों समेत 300 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने शिरकत की थी।

## वेजाइनल माइक्रोबायोम पर पीएमसीएच में किए रिचर्स को किया प्रिजेन्ट

# डॉ. मनीषा ने एम्स्टर्डम, नीदरलैंड में आयोजित कॉन्फ्रेस

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के आईवीएफ विभाग की साइन्टिफिक डॉयरेक्टर डॉ. मनीषा वाजपेयी ने एम्स्टर्डम, नीदरलैंड में यूरोपियन सोसाइटी ऑफ़ मन रिप्रोडक्शन एंड एम्ब्रियोलॉजी की ओर से आयोजित कॉन्फ्रेस ईएसएचआरई-2024 में वेजाइनल माइक्रोबायोम पर पीएमसीएच में किए रिचर्स को किया प्रिजेन्ट किया। राजस्थान से इस कॉन्फ्रेस में केवल डॉ. मनीशा वाजपेयी को अपना षोध प्रस्तुत करने के लिए चुना गया। यह हमारे उदयपुर के लिए गौरव की बात है। डॉ. मनीषा वाजपेयी ने बताया कि आईवीएफ की सफलता के साथ नई तकनीक के बाद भी दुनिया भर में आईवीएफ की सफलता दर 50 फीसदी से 60 फीसदी ही है और शेष असफल मामलों में कई कारको का पता नहीं चलता है और पीजीटी और पीजीएस जेनेटिक टेस्ट के बाद भी जबकी एंडो मेट्रियम भी




अच्छा था फिर भी आईवीएफ की सफलता नहीं बढ़ी। डॉ. वाजपेयी ने स्पष्ट किया कि वेजाइनल माइक्रोबायोम महिलाओं के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह सूक्ष्मजीवों का एक जटिल समुदाय है जो वेजाइनल में रहता है और विभिन्न स्वास्थ्य परिणामों को प्रभावित कर सकता है, जिनमें इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) के परिणाम भी शामिल हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि वेजाइनल माइक्रोबायोम की संरचना आईवीएफ के परिणामों पर प्रभाव डाल सकती है। लैक्टोबैसिलस प्रजाति की अधिकता एक स्वस्थ वेजाइनल माइक्रोबायोम का संकेत है और इसे सकारात्मक आईवीएफ परिणामों से जोड़ा गया है। इसके विपरीत, वेजाइनल माइक्रोबायोम में रोगजनक बैक्टीरिया की उपस्थिति आईवीएफ सफलता दर को कम कर सकती है। महिलाओं के वेजाइनल माइक्रोबायोम का परीक्षण और उसके असंतुलन का उपचार आईवीएफ की सफलता दर को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। यह अध्ययन दिखाते हैं कि वेजाइनल माइक्रोबायोम की नियमित निगरानी और प्रबंधन से आईवीएफ उपचार के परिणामों में सुधार हो सकता है। यह दुनिया भर में की गई प्रारंभिक शोध रिपोर्टों में से एक है...और हमारे देश का पहला शोध है। यह रिसर्च निःसन्तानता के इलाज नए आयाम जोडेगा। इस रिसर्च को विश्वभर से इस कॉन्फेस में आए भाग ले रहे विशेषज्ञों ने सराहा। इन्टरनेशनल कॉन्फेस मे विश्वभर से सैकडों आईवीएफ विशेषज्ञों ने शिरकत की।

# गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी एवं राजस्थान फामेर्सी कौंसिल द्वारा सतत फामेर्सी शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** गीतांजलि इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी एवं राजस्थान फामेर्सी कौंसिल के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को एक सतत फामेर्सी शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में फामेर्सी कौंसिल, ड्रग कण्ट्रोल डिपार्टमेंट, उदयपुर ड्रग एंड केमिस्ट एसोसिएशन एवं परिवार सेवा संसथान से आये वक्ताओं ने उदयपुर संभाग से आये 400 से ज्यादा प्रतिभागी फार्मासिस्ट, विभिन्न महाविद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, प्राध्यापकों को फामेर्सी एक्ट के बदलाव, कौंसिल की फामेर्सी रजिस्ट्रेशन एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया, ओवर दी काउंटर दवाइयों का सही उपयोग, पेशेंट काउन्सलिंग, दवा के प्रतिबंधित उपयोग पर ड्रग कण्ट्रोल डिपार्टमेंट के पेनल्टी के प्रावधान, परिवार नियोजन मिशन में फार्मासिस्ट भूमिका आदि पर विस्तार से चर्चा की। कौंसिल के अध्यक्ष, महावीर सोगानी उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार नरेंद्र कुमार ने फार्मासिस्ट के हित में कौंसिल के



विभिन्न निर्णयों के बारे में बताया। केमिस्ट एसोसिएशन के वक्ताओं ने केमिस्टो के विभिन्न प्रस्तावों को कौंसिल के मंच पर रखा एवं अपने विचार व्यक्त किये। गीतांजलि फामेर्सी के प्रधानाचार्य इस कार्यक्रम के कन्वेनर प्रोफेसर महेंद्र सिंह राठौड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए गीतांजलि यूनिवर्सिटी में आयोजित विभिन फामेर्सी की गतिविधियों के बारे में बताया। कौंसिल के सदस्य ० कोऑर्डिनेटर अलोक भार्गव ने कौंसिल की और से अपने विचार रखे। गीतांजलि यूनिवर्सिटी के प्रशासन की और से एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अंकित अग्रवाल जी, संस्था के वाईस चांसलर डॉ एस के लुहाड़िआ जी ० रजिस्ट्रार मयूर रावल जी ने इस सतत शिक्षा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाए प्रेषित की। कार्यक्रम का संचालन डॉ उदीची ने किया।

## सार-संक्षेप

### मेनारिया युवा समिति कानपुर की वार्षिक बैठक



**मेनारिया (यूथ की आवाज़)।** युवा समिति कानपुर की वार्षिक बैठक ओगणा स्थित रामकुंडा महादेव मंदिर में संपन्न की गई जिसमे समाज के युवा उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और समाज की बालिकाओं को विभिन्न क्षेत्रों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु उनको प्रेरित करने का निर्णय लिया गया और समाज के युवाओं ने एक पौधा मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया, संस्थान अध्यक्ष श्री प्रकाश मेनारिया ने बताया की हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी संस्थान की और से 101 पेड़ पौधे विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। संस्थान सचिव ने बताया की इस बार नवाचार करते हुए जो पेड़ पौधे लगाए जाएंगे, उन सभी पेड़ पोधो की देखभाल तब तक करेंगे जब तक की वो वो बड़ा रूप नहीं ले लेते संस्थान की ओर से विभिन्न जगहों पर पेड़ पौधे लगाए जाएंगे।

### जीबीएच चिकित्सालय एवं महाविद्यालय के भवन निर्माण में अनियमितता की जांच

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** नगरीय विकास एवं स्वायत शासन, राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सोमवार को राज्य विधान सभा में बताया कि उदयपुर ग्रामीण में जीबीएच चिकित्सालय एवं महाविद्यालय के भवन निर्माण में अनियमितता की शिकायत की मुख्य सचिव की निगरानी में उच्च स्तरीय समिति गठित कर जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना स्वीकृति के जितने भी निर्माण हुए हैं, उन्हें संबंधित नगरीय निकाय 72 घंटे के अंदर सीज करेगा। श्री खर्रा शून्यकाल के दौरान उदयपुर (ग्रामीण) विधायक श्री फूल सिंह मीणा द्वारा ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से इस संबंध में उठाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि उदयपुर जिला कलक्टर की ओर से 18 जुलाई, 1998 को मैसर्स अमेरिकन इंटरनेशनल हेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड पंजीकृत कम्पनी को हॉस्पिटल तथा डायग्नोस्टिक एवं हेल्थ सेन्टर की स्थापना के लिए 99 वर्ष की अवधि के लिए भूमि आवंटित की गई थी। श्री खर्रा ने बताया कि इस भूखण्ड पर भवन निर्माण की स्वीकृति न्यास की ओर से 4 जुलाई 2014 को जारी की गई थी, जिसके तहत जीबीएच हॉस्पिटल में स्वीकृत मानचित्र अनुसार निर्माण स्वीकृति जारी की गई थी।

# आदिनाथ भवन सेक्टर 11 में मनाई वीर शासन जयंती, चार दिवसीय ऋषि मंडल विधान की हुई पूणार्हुति



**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** आदिनाथ भवन सेक्टर 11 में मुनिश्री प्रथम सागर जी महाराज के सानिध्य में सोमवार को वीर शासन जयंती मनाई गई। चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष अशोक शाह ने बताया कि प्रतिष्ठाचार्य वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी पंडित रवि कीर्ति शास्त्री के निर्देशन में चल रहे चार दिवसीय ऋषि मंडल विधान का भी सोमवार को समापन हुआ। इस दौरान उदयपुर सहित मेवाड़ वागड़ एवं देश भर से सैकड़ो श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति में ऋषि मंडल विधान की पूणार्हुति हुई। महामंत्री कमलकांत जोलावत ने बताया कि प्रातः श्रीजी का अभिषेक शांति धारा एवं पूजन हुआ। धर्म सभा से पूर्व गुरुदेव का पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट एवं दीप प्रज्वलनन जैसे मांगलिक आयोजन हुए। इस दौरान मदन देवड़ा, राकेश बोहरा, पारस चित्तौड़ा आदि लाभार्थी रहे। इस अवसर पर आयोजित धर्म सभा में मुनि श्री प्रशम सागर जी महाराज ने उपस्थित श्रावक श्राविकाओं को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण और हम सभी के लिए बहुत ही पुण्यशाली है क्योंकि आज वीर शासन जयंती है। हमारे 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की दिव्या देशना आज के दिन से ही प्रारंभ हुई थी। और आज भी हम इस नमस्तूर शासन जिन शासन और भगवान के शासन के हिसाब से ही चल रहे हैं। हमें संसार की हर वस्तु से उपदेश मिलता है। प्रकृति में हमें हर बार उपदेश दिया है बार-बार उपदेश दिया है। लेकिन जो इन उपदेशों को अपनी सम्यक दृष्टि से ग्रहण करता है वह उसे समझ जाता है। बिना भगवान की देशना और बिना गुरु की वाणी को सुने हमारे जीवन में ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती है। शासन जयंती का आशय एवं महत्व बताते हुए मुनिश्री प्रशम सागरजी महाराज ने कहा कि कहा कि प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान से लेकर श्री महावीर स्वामी तक सभी तीर्थंकरों ने अपनी दिव्य देशना गणधर स्वामी के माध्यम से प्रतिपादित कर धर्म का प्रवर्तन किया। भगवान की दिव्य ध्वनि शास्त्रों में आचार्य द्वारा लिखी गई है उसका पालन करना ही वीर शासन जयंती है। देश को चलाने के लिए संविधान नियम कानून बनाए गए। उसी प्रकार तीर्थंकर भगवान ने धर्म देशना से जिनवाणी के चारों अनुयोग के माध्यम से जिन शासन संविधान आगम का निर्माण किया। छोटे नियम लेकर भी तीर्थंकर तक बन गए। उनका जीवन सुधर गया। आपने तीर्थंकर कुल में जन्म लिया है। आप धन के लिए दौड़ लगा रहे हैं, और धर्म से विमुख हो रहे हैं। मंदिर तो आप जा रहे हैं किंतु मंदिर में पूजन, अभिषेक, भगवान की वाणी अनुरूप नहीं कर रहे हैं। कीमती सोने चांदी रत्न को आप सुरक्षा के साथ तालों में रखते हैं, किंतु जीवन रूपी रत्न हीरे को आत्मा को विषय भोग कषाय से सुरक्षित नहीं कर रहे हैं। आपके अच्छे बुरे कार्यों से जीवन का निर्माण होता है। मुनिश्री ने कहा कि जितनी आवश्यकता गुरु को शिष्य की होती है उतनी ही आवश्यकता एक शिक्षक को गुरु की होती है। आज के दिन से ही भगवान महावीर स्वामी का उपदेश प्रारंभ हुआ था। लेकिन उपदेश सुनने से कुछ नहीं होता है जब तक आप में उसे उपदेश को जानने की जिज्ञासा नहीं होगी। इसलिए भगवान की वाणी को सुनना और समझना है तो हमें जिज्ञासु बनना होगा, सम्यक दृष्टि रखनी होगी। यह संसार तो जैसे चल रहा है वैसे ही चलता रहेगा। लेकिन हमें जो प्रभु ने दिव्या देशना दी है उस ज्ञान अर्जित करते हुए हमें संसार में रहकर इस जानना और समझना भी जरूरी है। जिस तरह से एक दर्पण किसी के साथ भी भेदभाव नहीं करता है और जो जैसा होता है वह उसे उसी तरीके से दिखता है। भगवान भी किसी के साथ भेदभाव नहीं करते हैं वह तो सभी का स्वागत करते हैं। लेकिन भगवान सभी के स्वरूप को जानते हैं और पहचानते भी हैं। अभी तक हमारा ज्ञान अधूरा है पूर्ण नहीं है। इसलिए प्रभु की दिव्या देशना को सुनना ग्रहण करना उसे समझने और जानना अपने जीवन के कल्याण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## चन्द्रशेखर आजाद जयंती पर रन फॉर नेशन दौड़ मंगलवार को

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** भारत विकास परिषद आजाद द्वारा संस्कार कार्यक्रम के तहत महान स्वतंत्रता सेनानी चन्द्रशेखर आजाद की जयंती पर 23 जुलाई को हिरणमगरी स्थित चन्द्रशेखर आजाद सो फीट रोड पर राष्ट्रीयता से ओतप्रोत हजारों विद्यार्थियों सहित सामाजिक संगठनों, प्रबुद्धजनों की सहभागिता में एक दौड़ देशभक्तों के नाम रन फॉर नेशन का आयोजन होगा। अध्यक्ष डॉ हितेष पटेल के अनुसार परिषद द्वारा आयोजित रन फॉर आजाद दौड़ प्रातः 9 बजे हिरणमगरी स्वागत वाटिका से प्रारंभ होकर, आजाद चौक, माली कॉलोनी तिराहा, मंशापूर्ण हनुमानजी होते हुए विद्या निकेतन के बाहर समाप्त होगी जो लगभग 4 किलोमीटर की रहेगी। कार्यक्रम संयोजक भवानीशंकर पुजारी के अनुसार दौड़ से पहले सभी प्रतिभागियों के पंजीयन होकर सामुहिक वंदे मातरम होगा। इस दौड़ में जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल, महापौर जे एस टांक, विख्यात जादूगर करन, क्षेत्रीय पार्षदगण बतौर अतिथि सम्मिलित होंगे। आजाद मार्ग के मध्य स्तिथ आजाद चौक पर प्रतिभागियों द्वारा चंद्रशेखर आजाद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की जावेगी। सचिव ओमप्रकाश खंडेलवाल के अनुसार सम्पूर्ण आजाद मार्ग को तिरंगों, रंगोली व स्वागत द्वार से सजाया गया है व सभी प्रतिभागियों के हाथों में तिरंगा रहेगा। आजाद जयन्ती कार्यक्रम के लिए सोमवार को भारत विकास परिषद आजाद की सरंक्षक दीपक शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में सभी पदाधिकारियों को विभिन्न व्यवस्थाओ व समितियों का कार्यभार सौंपा गया। परिषद की संपन्न हुई बैठक में आजाद शाखा सरंक्षक दीपक शर्मा, अध्यक्ष डॉ हितेष पटेल, समन्वयक प्रदीप रावानी, संयोजक भवानीशंकर पुजारी, नाहर सिंह पड़ियार, सुरेश मेनारिया, सचिव ओमप्रकाश खंडेलवाल, धर्मवीर देवल, तृप्ति झा, धर्मेन्द्र पुरोहित, नवनीत पोरवाल, मयंक कोठारी, विनोद बंदवाल, आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आवासीय लीडरशिप ट्रेनिंग शुरू



**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** सीमेट गोनेर (जयपुर) के आदेशों की अनुपालना में डाइट उदयपुर द्वारा राजकीय विद्यालयों के प्रिंसिपल्स की 10 दिवसीय आवासीय लीडरशिप ट्रेनिंग सोमवार से उदयपुर स्थित होटल कजरी में शुरू हुई। डाइट उदयपुर के उप प्रधानाचार्य डॉ ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर तथा प्रतापगढ़ जिले से कुल 50 प्रधानाचार्य भाग ले रहे हैं। जिला संदर्भ इकाई के प्रभारी सुरेंद्र सिंह शक्तावत के अनुसार यह प्रशिक्षण आगामी 31 जुलाई तक जारी रहेगा इसमें स्टेट रिसोर्स ग्रुप के लोकेश शर्मा व लोकेश शाह द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## पार्श्व गायक स्व. मुकेश की 101वीं जन्म जयन्ती पर आयोजित स्वरांजलि- 2024 में सम्पन्न



**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** महान पार्श्व गायक स्वर्गीय मुकेश जी की 101वीं जन्म जयन्ती पर अशोका पैलेस के खचाखच भरे ऑडिटोरियम में 'सुरों की मंडली' के तत्वावधान में अशोका पैलेस, सौ फीट रोड, शोभागपुरा के ऑडिटोरियम में लगभग 360 मिनिट तक चले स्वरांजलि-2024 कार्यक्रम में 31 सुर-साधकों ने अपनी भावपूर्ण और धमाकेदार प्रस्तुतियां देकर उन्हें याद किया। संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि इस भव्य ऐतिहासिक कार्यक्रम का शुभारम्भ मुकेश दा की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्वलन करने के पश्चात कार्यक्रम संयोजक बृजेश मिश्रा और सह-संयोजक ईश्वर जैन कौस्तुभ को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सुरों की मंडली के 31 सुर-साधकों ने ने अपनी बैक टू बैक 101 गीतों द्वारा महान गायक प्रिय स्वर्गीय मुकेश को भावपूर्ण मधुर स्वरांजलि देकर सिनेमा संगीत में उनके योगदान को याद किया। मंच संचालन का ज़िम्मा संतोष श्रीवास्तव और महेश शर्मा ने बखूबी निभाया। संस्थान की मीडिया प्रभारी श्री कौस्तुभ ने बताया कि इस धमाकेदार कार्यक्रम की प्रस्तुतियों से उदयपुर की फि जां को सुरमई बना दिया और दर्शकों की वाहवाही बटोरी और श्रोताओं ने झूमते हुए जी भरकर तालियां बजाईं और सुर साधकों को प्रोत्साहित किया। यह 101 गीतों के स्वरांजलि कार्यक्रम की रेकॉर्डिंग वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस की इण्टरनेशनल बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज.होने की प्रक्रिया जारी है तथा स्वीकृति मिलने पर सभी सुर साधकों को प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा, जिसके लिए भी सुरों की मण्डली द्वारा शानदार सम्मान कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसी के साथ शीघ्र ही एक और म्यूज़िकल नाईट की रूपरेखा पर मंथन प्रारम्भ कर दिया गया है।

## उदयपुर के युवा उद्यमी अचल वर्ल्ड माइक्रोलाइट चैंपियनशिप में भारतीय टीम का करेंगे नेतृत्व



**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** उदयपुर के युवा उद्यमी और स्पोर्ट पायलट अचल अग्रवाल वर्ल्ड माइक्रोलाइट चौंपियनशिप में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। 27 जुलाई से 3 अगस्त तक यूनाइटेड किंगडम के डीनथोर्प एयरफील्ड पर होने वाली एफ.ए.आई वर्ल्ड माइक्रोलाइट चौंपियनशिप में पहली बार भारतीय टीम हिस्सा ले रही है, जिसमे उदयपुर के स्पोर्ट पायलट व उद्यमी अचल अग्रवाल टीम का हिस्सा होंगे। इस चौंपियनशिप में विभिन्न देशों की टीमें हिस्सा ले रही है। स्पर्धा में 66 माइक्रोलाइट हवाई जहाज उड़ान भरेंगे। पायलट अचल अग्रवाल और उनके कोच कैप्टन शिव यादव भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। 500 किलो से कम वजन के हवाई जहाज माइक्रोलाइट श्रेणी में आते हैं एवं सिंगल या डबल सीटर होते हैं। अचल अग्रवाल वेट-शिफ्ट कंट्रोल श्रेणी का ओपन-कॉकपिट माइक्रोलाइट विमान उड़ाएंगे। चैंपियनशिप में कई प्रकार के नेविगेशन, प्रिसिशन व फ्यूल इकॉनमी टास्कस होंगे और हर एक टास्क में श्रेष्ठ पायलटस को मैडल मिलेगा। बिना किसी जीपीएस या अन्य नेविगेशन उपकरण के, केवल पेपर मैप देख कर करीब 150 किमी. तक के नेविगेशन टास्क होंगे जिसमे मैप में चिन्हित अनुसार अलग अलग लोकेशन पर विमान को ले जाना होगा और कम से कम समय मे व कम से कम ईंधन में ये सटीकता से ये टास्क करने वाले विजेता होंगे। स्पॉट लैंडिंग जैसे प्रिसिशन टास्क भी होंगे जिसमे रनवे पर चिन्हित निशान पर लैंडिंग करवानी होगी। डीनथोर्प एयरफील्ड, जहां ये चौंपियनशिप हो रही है, एक ऐतिहासिक एयरफील्ड है जो विश्व युद्ध में ब्रिटिश एयरफोर्स का एक प्रमुख एयरफील्ड था। उल्लेखनीय है कि टीम में केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी शामिल थे लेकिन उनके मंत्री बन जाने के बाद समयाभाव के कारण वे नही जा पा रहे हैं।

## समाज की जरूरतें आज भी है, सिर्फ उन जरूरतों की स्टाईल बदली : अग्रवाल



**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** पूर्व प्रान्तपाल अनिल अग्रवाल ने कहा कि रोटरी ने विश्व में मेजिक ऑफ रोटरी के कारण समाज में अनेक बदलाव आये है। रोटरी हमें बदलाव के जादूगर के रूप में समाज के सामनें प्रस्तुत करती है। समाज की जरूरतें आज भी है लेकिन सिर्फ जरूरतों की स्टाईल बदली है। वे आज एक निजी होटल में आयोजित रोटरी क्लब वसुधा के पदस्थापना समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज की आवश्कताओं को ध्यान में रखते हुए हमें कार्य करना है। जिदगी हमें रोज मिलती है लेकिन मौत सिर्फ एक बार मिलती है।जिदंगी में तकलीफें मिलेगी,मरनें के बाद मौत का भी अहसास नहीं होता है। समारोह में उन्होंने इसे नयी सदस्याओं मोना सहगल एवं भावना चौहान को शपथ दिलायी। समारोह में क्लब की जीएसआर मधु सरीन ने क्जब अध्यक्ष श्रीमती शरद राठौड़, सचिव गरिमा बोर्दिया, किरण तलेसरा, अंजू सिंघवी, आशालता सिंघवी, सुषमा अरोड़ा, शकुन्तला पोरवाल, सुनीता भण्डारी, रजनी शर्मा, संगीता तातेड़, दीप्ति राठौड़, विनीता सिंघवी, कनक कावड़िया, अन्नपूर्णा गौड, सुमन लोढ़ा, मोना सहगल को शपथ दिलाकर दायित्व ग्रहण कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संस्कारों से हमें वसीयत, सच्चाई एवं ईमानदारी मिलती है। सर्विस अबॉव सेल्फ को हमें जीवन उतारना चाहिये। सहायक प्रान्तपाल मुकेश गुरानी ने इस मौके पर विद्या निकेतन बड़गांव इन्टरेक्ट क्लब एवं हैप्पी होम इन्टरेक्ट क्लब के अध्यक्ष व सचिव को शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रोजेक्ट छोटा या बड़ा नहीं होता है, वह उस प्रोजेक्ट के कार्य से बड़ा होता है। नव निर्वाचित अध्यक्ष शरद राठौड़ ने कहा कि इस वर्ष वे सभी सदस्याओं की आशाओं पर खरी उतरनें का प्रयास कर समाज सेवा में बड़ा काम करेगी। प्रारम्भ में क्लब सदस्याओं ने ईश वंदना, रजनी शर्मा ने फोर वे टेस्ट की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन विनीता सिंघवी ने किया। अंत में आभार सचिव गरिमा बोर्दिया ने व्यक्त किया।

## सुप्रकाशमति माताजी का चातुर्मास सम्मेदशिखर में, उदयपुर से श्रावकों ने लिया भाग



**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** राष्ट्र संत उपसर्ग विजेता गणिनि आर्यिका 105श्री सुप्रकाश मति माताजी का 43वां वर्षायोग कल से सममेदशिखर में प्रारम्भ हुआ। उदयपुर से गये भक्तों ने इस अवसर पर भाग लेकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु पूर्णिमा पर वहां एक अद्वितीय धार्मिक उत्सव का आयोजन हुआ। ध्यानोदय तीर्थ के चेयरमैन ओमप्रकाश गोदावत ने बताया कि शास्वत तीर्थ आज भव्य कलश स्थापना समारोह आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु देश-विदेश से पधारे, जिससे समस्त नगर धार्मिक भावना और भक्ति के रंग में रंग गया। कलश स्थापना समारोह में प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे पर आस्था और श्रद्धा का अद्भुत मिश्रण दिखाई दे रहा था। इस महोत्सव के मुख्य प्रभावना 105 दिवसीय चलने वाले सम्मेद शिखर आराधना की थी जो पहली बार आयोजित हो रही थी जिसका लाभ प्रथम पुण्य दिलीप गोदावत परिवार ने लिया। साथ ही संघपति के बनने का सोभाग्य सुजीत जैन धूलियान्न एवं गुरु परम्परा भक्ति त्रिलोक सावला एवं गुरु माँ की पूजा का लाभ ओमप्रकाश गोदावत, पाद प्रक्षालन का लाभ राजकुमार जी टोंग्या ने लिया। इस अवसर पर सुप्रकायामति माताजी ने धर्म, आत्मज्ञान और शांति के महत्व पर प्रकाश डाला। उनकी वाणी सुनकर हर किसी के हृदय में आत्मबोध और धर्म के प्रति समर्पण का नया संचार हुआ। उन्होंने कहा की इस तीर्थ की वंदना जो एक बार करले वह अवश्य कभी नर्क एवं पशु गति को नहीं जाता इस लिए जीवन मे एक बार इस तीर्थ की वंदना अवश्य करे यहां से भूत भविष्यके चौबीसी एवं वर्तमान कीचौबीस मे से 20प्रभु यहां से मोक्ष गए हैदेश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने इस अद्वितीय अवसर को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि गुरु माँ श्री के सानिध्य में बिताए गए ये पल उनके जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं और वे इसे सदैव संजो कर रखेंगे। इस अवसर पर धूलियान्न हजारी बाग उदयपुर मुंबई आसपुर कई जगह से कलश की स्थापना का आनंद लिया गया एवं ऐसी अनुपम भक्ति का आनंद तीर्थ पर अलौकिक रहा। सुप्रकाशमति माताजी अनेक राज्यों से विहार कर वहां पहुंची। गुरु माँ सुप्रकाशमति माताजी ऐसी आर्यिका है जो सम्मेद शिखर जी 60वर्ष की उम्र मे 121बार पहाड़ की वंदना कर चुकी है।

## शाश्वत सुख को पाने के लिए हमें धर्म की शरण में आना होगा-साध्वी संयमलता



**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** सेक्टर 4 श्री संघ में विराजित श्रमण संघीय जैन दिवाकरिया महासाध्वी डॉ श्री संयमलता,साध्वी डॉ श्री अमितप्रज्ञा, साध्वी श्री कमलप्रज्ञा, साध्वी श्री सौरभप्रज्ञा आदि ठाणा 4 के सानिध्य में आयोजित धर्म सभा को संबोधित करते हुए महासती संयमलता ने फरमाया सुख के दिनों में घमंड नहीं करना और दुख के दिनों में अति दुखी नहीं होना। उन्होंने कहा कि यही वह कला है जो जीवन में धूप छांव के खेल को खेलना सिखाती है और पाप से बचाती है। सुख के दिनों में मनोरंजन नहीं मनोमंथन करें। शाश्वत सुख को पाने के लिए हमें धर्म की शरण में आना होगा। पाप से दुख मिलता है और धर्म से सुख मिलता है। महासती अमितप्रज्ञा ने कहा हर क्षेत्र में आज राजनीति ने अपनी जगह बना ली है। हमें राजनीति में धर्म नीति को लाना है, धर्म नीति में राजनीति नहीं होनी चाहिए। हमें हिंसा को अहिंसा में, अन्याय को न्याय में, आतंकवाद को अनेकांतवाद में बदलना है। आज दोपहर में महिला शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 200 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता दर्ज कराई।

## रोटरी क्लब उदयपुर अचीवर्स का पदस्थापना समारोह आयोजित




**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** रोटरी क्लब अचीवर्स का वर्ष 2024-25 का पदस्थापना समारोह सरदारपुरा स्थित चतुरबाग में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व प्रान्तपाल अनिल अग्रवाल, पदस्थापना अधिकारी क्लब की जीएसआर मधु सरीन थी। इस अवसर पर मधु सरीन ने नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ.जितेंद्र बहल व सचिव हिमांशु कौशल, क्लब के अन्य सदस्यों में श्रीमती प्रमिला बहल को कोषाध्यक्ष, अल्केश पंवार,पंकज शर्मा,प्रमिला बहल,डॉ. ज्योत्सना कुमावत को पब्लिक रिलेशन चेयरपर्सन की शपथ दिलायी। समारोह में क्लब अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र बहल ने बताया कि आने वाले समय में क्लब एजुकेशन सेक्टर और मदर एंड चाइल्ड हेल्थ में अपनी सेवाएं देगा। इस अवसर पर पूर्व प्रांतपाल अनिल अग्रवाल ने रोटरी में बितायें अपने अनुभवों के बारें में बताया। कार्यक्रम में सहायक प्रांतपाल विकास श्रीमाली, डॉ.देवेंद्र सरीन व क्लब के एडवाइजर मनीष गलुंडिया, रोटरी मीरा की श्रीमती प्रीति सोगानी, रोटरी वसुधा की श्रीमती शरद राठौर,श्रीमती अनुराधा बहल ,श्रीमती खुशबू कौशल श्रीमती रूबल कौर सलूजा, सरदार रविंद्र सिंह सलूजा और जितेंद्र सिंह सोलंकी भी उपस्थित रहे। इस मौके पर श्रीमती अनुराधा बहल व खुशबू कौशल ने गणेश वंदना की। मंच का संचालन प्रमिला बहल ने किया।

## सार-संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई

**बाठरडा खुर्द (यूथ की आवाज़)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सुरज पोल पुलिस चोकी के पास निंलकंठ महादेव मंदिर रेगर समाज के परिसर मे गुरु पूर्णिमा पर भक्तों द्वारा गुरु महिमा करते हुए गुरु वन्दन किया। रामदेव सेवा समिति के मिडिया प्रभारी विजय राज जनुतरिया ने बताया की गुरु पूर्णिमा पर आयोजित गुरु महिमा झालानी महन्त शम्भू दास कामण के नेतृत्व मे विभिन्न जिलो से पधारे शिष्यों द्वारा गुरु को धोक, भेंट पुजा कर आशीर्वाद लिया एवं महा प्रसादी का आयोजन व मध्य रात्रि तक भक्तों द्वारा सत्संग का आयोजन किया गया।

### फतहनगर में हुई झमाझम बारिश,जलाशयों में पानी की आवक हुई शुरू



**फतहनगर (यूथ की आवाज़)।** लम्बे इंतजार के बाद आखिरकार सोमवार की शाम फतहनगर में झमाझम बारिश हुई। दिन में आसमान बिलकुल साफ था लेकिन शाम होते होते बादल घिर आए। पहले तो रिमझिम बौछारें गिरना शुरू हुई और साढ़े पांच बजे झमाझम बरसात का दौर शुरू हो गया। पौन घंटे तक एक जैसी बारिश चली। सड़कों पर अच्छा खासा पानी बहकर निकला। इसके बाद भी बारिश का दौर चलता रहा। नगर में इस बार यह पहली बारिश हैं जिससे जलाशयों में पानी की आवक शुरू हुई हैं। अब तक केवल फसलों को जीवित रखने जितनी बारिश ही हुई थी। आज की बारिश के बाद भूमिगत जल स्तर में सुधार की संभावना बनी है।

### राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का एक प्रतिनिधिमंडल जिला प्रमुख ममता पंवार से मिला

**फतहनगर (यूथ की आवाज़)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह झाला के नेतृत्व में जिला प्रमुख ममता पंवार से मिला और उनको ज्ञापन सोपते हुए मांग की कि प्राथमिक शिक्षा के शिक्षकों के 1080 स्थाईकरण के प्रकरण जिला प्रमुख कार्यालय में अनुमोदन के लिए लंबित पड़े हैं जिन्हें अतिशीघ्र अनुमोदन करा स्थाईकरण करवाया जावे. जिस पर जिला प्रमुख पवार ने कहा कि कल ही जिला स्थापना समिति की बैठक है जिसमें सभी स्थाईकरण के प्रकरण को अनुमोदन कर दिया जाएगा।

# विद्यालय में बालक का स्वास्थ्य अनुशासन व सर्वांगीण विकास केवल पीटीआई से नहीं सभी शिक्षकों के सहयोग से होगा

**गनोड़ा (यूथ की आवाज़)।** प्रारंभिक शिक्षा के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शारीरिक शिक्षकों की दो दिवसीय बागपत का शुभारंभ सोमवार को हुआ गनोड़ा के लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय परिसर में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें जिले भर के लगभग 220 शारीरिक शिक्षकों ने भाग लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माध्यमिक शिक्षा के उपनिदेशक मजी घाट कार्यक्रम की अध्यक्षता कबो घाटोल विक्रम सिंह चंद्रावत ऑडियो दलसिंह अम्लीय आरपी जिनेंद्र जैन एलबीएस कॉलेज के डायरेक्टर मिलन पाठक गोपाल सिंह चौहान नरेश उपाध्याय आदि अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मावजी खांट के द्वारा सभी शारीरिक शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यालय में पीटीआई की जिम्मेदारी अहम होती है तथा पीटीआई विद्यालय का मुख्य बिंदु है। यदि विद्यालय में पीटीआई अपनी कार्य शैली में सजकता रखता है तो पूरा विद्यालय अच्छे तरीके से संचालित होगा। खांट ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के स्वास्थ्य बच्चों में अनुशासन तथा विद्यालय में पढ़ने वाले प्रत्येक बालक का सर्वांगीण विकास केवल शारीरिक शिक्षक के भरोसे नहीं होना चाहिए बल्कि सभी शिक्षकों को समग्र रूप से बालक को शिक्षा स्वास्थ्य अनुशासन एवं श्रेष्ठ नागरिक बनने में सहयोग करना चाहिए तभी



विद्यालय प्रगति करेगा। सभी शारीरिक शिक्षकों को संबोधित करते हुए उपनिदेशक मावजी खांट ने यह भी कहा कि प्रत्येक विद्यालय में बालक खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाना चाहता है मगर उसे उपयुक्त संसाधन एवं खेल मैदान उपलब्ध नहीं हो पाते। यदि कोई बालक खेल में विशेष करने की प्रतिभा रखता है तो ऐसे बालकों को पीटीआई अपने स्तर पर उसे तैयार करें तथा उसके लिए सभी भौतिक सुविधाओं की व्यवस्था करें ताकि वह बालक भविष्य में एक अच्छा खिलाड़ी बनकर देश का नाम रोशन कर सके। इसके अलावा बच्चों को विकल्प दिया जाए कि वह किस खेल में जाना चाहता है तथा वह जिस खेल में रुचि रखता है उसी के अनुसार खेलकूद प्रतियोगिताओं में उसके लिए मार्गदर्शन दें।

### विद्यालय के बालक में कंपटीशन एवं जीत के प्रति भूख जगाएं

प्रारंभिक शिक्षा विभाग के शारीरिक शिक्षकों की वाक पीठ में उपनिदेशक ने सभी शारीरिक शिक्षकों से आग्रह किया कि अपने-अपने विद्यालय में ऐसी प्रतिभाओं को तराशे जो आगे जाकर अपना भविष्य सवार सकें तथा विद्यालय गांव जिले एवं राज्य का नाम रोशन कर सकें। खांट ने सभी शारीरिक शिक्षकों से अनुरोध किया कि अपने विद्यालय में पढ़ने वाले बालक के अंदर कंपटीशन एवं किसी भी खेल में जितने की भूख जगाए ताकि वह बालक आगे जाकर अपनी प्रतिभा का सही इस्तेमाल कर सके। उपनिदेशक खांट ने बताया कि यदि किसी विद्यालय में कोई बालक पढ़ाई में अच्छा नहीं है लेकिन खेलों में वह काफी अच्छा है तो उसमें खेलों के प्रति जिज्ञासा पैदा करें तथा उसे कंपटीशन में जीतने की भूख जगाए। कोई बच्चा यदि खेलों में अच्छा कर लेता है तो वह निश्चित रूप से अध्ययन में भी अपनी रुचि पैदा करेगा। इसलिए खेल के साथ-साथ उसका सर्वांगीण विकास हो पाएगा। कार्यक्रम के दौरान घाटोल के सीईओ विक्रम सिंह चंद्रावत एवं आरती जिनेंद्र जैन के द्वारा भी संबोधित किया गया। गनोडा में आयोजित प्रारंभिक शिक्षा की शारीरिक शिक्षकों की वाक पीठ में संघ के संरक्षक नरेश उपाध्याय, सभा अध्यक्ष ब्रज बहादुर सिंह, अध्यक्ष भेरूलाल मकवाना, उपाध्यक्ष शारदा यादव, शरद ठाकुर, सचिव राजेंद्र पाटीदार, कोषाध्यक्ष रमेश कतीजा, खेल प्रभारी भारतेंदु शर्मा, राजेंद्र गरासिया, धर्मेंद्र त्रिवेदी, गिरीश पंडया परतापुर आदि मौजूद रहे।

# आज पेश होगा केंद्रीय बजट मेवाड़ को है बड़ी आस

**बड़ीसादड़ी (यूथ की आवाज़)।** नरेन्द्र मोदी सरकार बजट आज पेश होने वाला है ओर मेवाड़ ओर चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र को बड़ी आस है जिसमे मेवाड़ के सबसे बड़े कृष्ण धाम सांवलिया जी को रेल से जोड़ना बड़ीसादड़ी से उदयपुर जाने वाले रेल मार्ग के मध्य मावली तक की राह आसान है और मावली से उदयपुर जाने के लिए बिना वजह इस गाड़ी को 20 मिनिट प्रतीक्षा करनी पड़ती है इसके स्थायी समाधान के लिए छोटा सा टुकड़ा रेलवे का भटेवर से देबारी तक जोड़ने से यह प्रतीक्षा खत्म हो जाएगी इसको जोड़ने से नीमच उदयपुर का खंड डबोक हवाई अड्डे से जुड़ जाएगा साथ ही उदयपुर से आने वाली ट्रेनों को खेमली भीमल मावली होकर वल्लभनगर का चक्कर कम हो जाएगा साथ ही मावली में इंजन बदलने में लगने वाला आधे घंटे का समय भी बच जाएगा ओर इस ट्रैक की दूरी में भी फर्क पड़ेगा भिंडर खेरोदा से से उदयपुर जाने वाले यात्रियों को अभी इस ट्रेन का लाभ नहीं के बराबर मिल रहा है वह भी मिलने लगेगा और मुख्य रूप से यह सारा क्षेत्र हवाई अड्डे से जुड़ जाएगा नीमच बड़ीसादड़ी और उदयपुर हवाई अड्डा पर जाने वाले लोगों के लिए भी यह एक सुलभ साधन बन जाएगा इसलिए इस 20-25 किलोमीटर के ट्रैक की सर्वे करवरकर इसे जुड़वाने देने से युगों युगों तक विकास के इस मिल के पथतर को भुलाया नहीं जा सकेगा बड़ीसादड़ी कानोड़ भिंडर बंसी बोहेड़ा खेरोदा उदयपुर एवं नीमच के निवासी सदैव याद करेंगे। इसके अलावा जो यात्री गाड़ी उदयपुर में आकर लम्बा विश्राम करती है उनको बड़ीसादड़ी तक सन्चालित किये जाने और बड़ीसादड़ी से जयपुर देहली तक यात्री गाड़ी चलाने की घोषणा होने की आस है।

### पर्यावरण संरक्षण में श्रेष्ठ योगदान के लिए भेरूलाल श्रीमाली, बड़वाई सम्मानित

**कानोड़ (यूथ की आवाज़)।** नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत के मार्गदर्शन में फॉस्टर संस्थान /श्री कल्याणेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के संयुक्त तत्वावधान ब्रांड एंबेसेडर में देशभर 101 प्रतिभागियों का राष्ट्रीय सम्मान। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर डॉ ललित नारायण आमेटा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत के अनुसार डिजिटल माध्यम से एक मंच प्रदान कर समाज को मुख्य धारा जोड़ने प्रमुख भूमिका निभाई है। 45 राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायाधीश कुलदीप शर्मा अपर जिला एवं सेशन न्यायालय उदयपुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ लक्ष्मीनारायण आमेटा राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच ने की। विशिष्ट सम्मानित अतिथि माधोसिंह चम्पावत संयुक्त निदेशक कृषि विभाग (विस्तार) उदयपुर एवं डॉ राजश्री गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष उपभोक्ता सुरक्षा संगठन नई दिल्ली एवं किशोर कोठारी पर्यावरण प्रेमी उदयपुर थे। श्रेष्ठ प्रतिभा का राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण में 11 को, चित्रकला चैंपियन में 4 को नृत्य चैंपियन-6 को एवं स्टार चैंपियन-5 को और श्रेष्ठ साहित्य लेखन 75 सम्मानित हुए।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ वेलनेस सेंटर लक्ष्मीपुरा राष्ट्रीय स्तर से प्रमाणित

**बड़ीसादड़ी (यूथ की आवाज़)।** राष्ट्रीय गुणवता आश्वासन कार्यक्रम के अंतर्गत चित्तौड़गढ़ जिले में ब्लाक बड़ीसादड़ी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, हेल्थ वेलनेस सेंटर लक्ष्मीपुरा को भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्तर से प्रमाणित घोषित किया है। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भावेश चंपावत ने बताया की गत वर्ष राज्य स्तर से प्रमाणित होने के बाद राष्ट्रीय स्तर की टीम के द्वारा 12 अप्रेल 2024 को राष्ट्रीय टीम के द्वारा निरिक्षण किया गया। हेल्थ वेलनेस सेंटर लक्ष्मीपुरा निधारींत चेकलिस्ट के अनुसार सभी 6 विभाग में मापदंडो पर खरा उतरा था। राष्ट्रीय टीम ने 85.16% प्रतिशत नम्बर देकर प्रमाणित किया जो कि बड़ीसादड़ी ब्लाक का प्रथम हेल्थ वेलनेस सेंटर प्रमाणित हुआ है इस क्रार्यक्रम में जिला स्तर से प्राप्त निदेशी एंव ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा भावेश चंपावत से मार्गदर्शन प्राप्त कर पीएचसी पारसोली प्रभारी डा. विश्वास खोईवाल, खंड कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र कुमार चौधरी, लक्ष्मीपुरा



उप स्वास्थ्य केंद्र से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उमा कीर, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता पिंकी रेगर तथा साथ ही पारसोली पीएससी से सीएचओ सरोज धाकड़, लोकेश सुथार, सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर बालकिशन मेनारिया लक्ष्मीपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि प्रहलाद धाकड़ एव लक्ष्मीपुरा की समस्त आशाओं एंव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा सहयोगिनी संतोष मेघवाल, स्नेहलता धाकड़, कोशल्या वैष्णव और आगनवाड़ी कार्यकर्ता हेमलता वैरागी कंप्यूटर ऑपरेटर सुरेश मेनारिया का सहयोग रहा। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भावेश चंपावत डा. विश्वास खोईवाल चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सेक्टर पारसोली ने जिला स्तर ब्लाक स्तर एव हेल्थ वेलनेस सेंटर लक्ष्मीपुरा टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी है।

# भूपाल नोबल्स कन्या महाविद्यालय सलूंबर के नये भवन का शिलान्यास

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** भूपाल नोबल्स संस्थान की भूपाल नोबल्स कन्या महाविद्यालय सलूंबर के नव भवन का संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष कर्नल प्रो शिव सिंह सारंगदेवोत, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़, विद्या प्रचारिणी सभा के कार्यकारिणी सदस्य नवल सिंह जूड़, कमलेंद्र सिंह कच्छेर और डॉ युवराज सिंह बेमला की उपस्थिति में शिलान्यास कीर की चौकी-बांसवाड़ा बाईपास पर किया गया। प्रधानाचार्य डॉ प्रेम सिंह रावलोत ने बताया कि दो मंजिला प्रस्तावित इस बिल्डिंग में आधुनिक प्रयोगशालाओं और सभी सुविधाओं से युक्त निर्माण कार्य एक साल में पूर्ण हो जाएगा तथा यहां आर्टस, साइंस और कॉमर्स के सारे कोर्सेज नई शिक्षा नीति के अनुरूप होंगे, अभी यह किराए के भवन में संचालित हो रहा है, इसकी प्रस्तावित लागत 6 करोड रुपए आने का अनुमान है। बीएन संस्थान के सचिव डॉ महेंद्र सिंह आगरिया ने बताया कि एक दशक से भी ज्यादा समय से



बीएन आदिवासी कन्याओं की शिक्षा के क्षेत्र में सलूम्बर में अतुलनीय कार्य कर रहा है और शीघ्र ही वहां अन्य कोर्सेज भी शुरू किए जाएंगे।

# मुर्गी इकाई एवं बीजू बकरा वितरण के लिए मांगे आवेदन

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** जनजाति समाज से जुड़े पशुपालकों को आर्थिक रूप से संबल प्रदान करने को लेकर सरकार कटिबद्ध है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत उदयपुर एवं सलूम्बर जिलों के 265 चयनित राजस्व गांवों के पशुपालकों को मुर्गी इकाई वितरण/ बीजू बकरा वितरण को लेकर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके तहत पशुपालकों को मुर्गी इकाई एवं बीजू बकरों का वितरण किया जाएगा, जिससे जनजाति समाज आर्थिक उन्नयन की राह पर अग्रसर हो सके। यह है प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय ने 2021-22 से 2025-26 के दौरान कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) नामकरण के साथ जनजातीय उप-योजना (एससीए से टीएसएस) के लिए विशेष केंद्रीय सहायता की मौजूदा योजना को नया रूप दिया है। इसका उद्देश्य 4.22 करोड़ (कुल जनजातीय आबादी का लगभग 40 फीसदी) की जनसंख्या को कवर करने वाले महत्वपूर्ण जनजातीय आबादी वाले गांवों को मॉडल गांव (आदर्श ग्राम) में रूपांतरित करना है। इसके तहत अधिसूचित जनजातियों के साथ राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों में कम से कम 50 फीसदी अनुसूचित जनजाति आबादी और 500 अनुसूचित जनजाति वाले 36,428 गांवों को कवर करने की परिकल्पना की गई है। योजना का मुख्य उद्देश्य चयनित गांवों के एकीकृत सामाजिक-आर्थिक विकास को प्राप्त करना है। उदयपुर के 180, सलूम्बर के 85 गांव चयनित पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ शरद अरोड़ा ने बताया कि योजना के तहत मुर्गी इकाई एवं बीजू बकरा इकाई वितरण के लिए उदयपुर जिले के 180 तथा सलूम्बर के 85 सहित कुल 265 गांवों का चयन किया गया है। इनमें से 75 गांवों में प्रत्येक गांव में मुर्गी की 12 इकाई (प्रति इकाई में 22 चूजे) तथा 190 गांवों में प्रत्येक गांव में मुर्गी की 16 इकाई का वितरण किया जाना है। वहीं 265 गांवों में से प्रत्येक गांव में बीजु बकरे की 3 इकाई (प्रति इकाई एक बीजु बकरा) वितरित की जाएंगी। विभिन्न चयनित राजस्व ग्रामों के इच्छुक लाभार्थी/ पशुपालक 7 दिवस में अपना आवेदन मय दस्तावेजों के साथ चयनित राजस्व ग्राम के नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था में जमा करा सकते हैं। डॉ अरोड़ा ने बताया कि योजना में चयनित राजस्व ग्राम के जनजाति वर्ग के पशुपालक आवेदन कर सकत हैं। इसके लिए पशुपालक की उम्र 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह कम से कम पांचवीं कक्षा पास होना आवश्यक है। एक परिवार से एक लाभान्वित का ही चयन होगा (चाहें राशनकार्ड या जनआधार कार्ड अलग-अलग क्यों ना हों)। आवेदन के लिए आधार कार्ड, विधवा /विकलांग/ कमजोर आय वर्ग, भूमिहीन अथवा लघु सीगान्त से संबंधित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा। चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत जनजाति वर्ग के विधवा/ विकलांग एवं भूमिहीन का चयन आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने पर प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। कमजोर आयवर्ग, लघु सीमान्त एवं अन्य जनजाति वर्ग के आवेदन अनुमोदित गतिविधियों से अधिक होने पर उनका चयन लॉटरी सिस्टम के आधार पर किया जाएगा। बीजू बकरा के लिए आवेदन करने वाले आवेदक के पास पूर्व में बकरियों का होना व मुर्गी इकाई के इच्छुक आवेदक के पास पूर्व में मुर्गियों का होना आवश्यक है। इच्छुक आवेदक केवल एक श्रेणी (बीजू बकरा वितरण अथवा मुर्गी इकाई वितरण) में ही आवेदन कर सकते हैं। चयनित लाभार्थियों की सूचियों का अनुमोदन संबधित ग्राम पंचायत के सरपंच/जनप्रतिनिधि द्वारा किया जाना आवश्यक है।

# पीड़ितों के उपचार व राहत को लेकर सरकार व प्रशासन गंभीर

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** जिले के गिर्वा उपखण्ड अंतर्गत नाई ग्राम पंचायत के पोपल्टी गांव में कथित तौर पर दूषित पानी पीने से दो बच्चों सहित चार लोगों की मृत्यु होने के मामले में पीड़ितों को राहत और बीमारों के उपचार को लेकर सरकार और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। प्रभारी सचिव श्रीमती आनंदी, जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल व जिला प्रमुख ममता कुंवर ने सोमवार को पोपल्टी गांव का दौरा कर हालातों की जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने एमबी अस्पताल में उपचाररत लोगों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जानी। उधर, जिला कलक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ शंकर बामणिया के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग की टीमें गांव में कैम्प कर रही हैं तथा घर-घर सर्वे कर बीमार लोगों की जांच कर उपचार किया जा रहा है। दूषित पानी पीने से बीमार लोगों में से अब तक कुल 37 लोगों को महाराणा भूपाल अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी स्थिति अब बेहतर बताई जा रही है। प्रभारी सचिव आनंदी और जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल सोमवार सुबह एमबी अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने पोपल्टी से रैफर कराकर मेडिकल इमरजेंसी, आईसीयू आदि में भर्ती कराए मरीजों से



मुलाकात की। प्रभारी सचिव ने मरीजों और परिजनों से संवाद कर कुशलक्षेम जानी। आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विपिन माथुर, अस्पताल अधीक्षक डॉ आरएल सुमन आदि ने मरीजों को दिए जा रहे उपचार के संबंध में जानकारी ली। चिकित्साधिकारियों ने अवगत कराया कि सभी मरीजों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है तथा सभी खतरे से बाहर हैं। प्रभारी सचिव व जिला कलक्टर ने चिकित्सालय प्रशासन को मुस्तैद रहने तथा बारिश के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों के मद्देनजर पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला परिषद कीर्ति राठौड़, गिर्वा एसडीएम रिया डाबी, सीएमएचओ डॉ शंकर बामणिया सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। एमबी अस्पताल में मरीजों से मिलने के बाद प्रभारी सचिव व जिला कलेक्टर पोपल्टी गांव के खंडेर एवं रूणिया फला पहुंचे। वहां उन्होंने उस गड्ढे का अवलोकन किया, जिसका पानी पीने से लोगों के बीमार होने की बात सामने आई। दोनों अधिकारियों ने आसपास के रहवासियों से संवाद कर जानकारी ली। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों के लिए पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। प्रभारी सचिव व जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों को हरसंभव राहत देने का भरोसा दिलाया और कहा कि राज्य सरकार ग्रामीणों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और इस प्रकरण में राज्य सरकार के निदेशानुसार समस्त संबंधित विभागों को पूरी सतर्कता बरतते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। पोपल्टी गांव का दौरा करने के बाद प्रभारी सचिव ने सर्किट हाउस में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने पोपल्टी गांव में हुई घटना को दुःखद बताते हुए अधिकारियों को सावचेत रहते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले भर में बारिश के मौसम में पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने, मौसमी बीमारियों को लेकर आमजन को जागरूक करने, चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक बंदोबस्त रखने के निर्देश दिए। जिला प्रमुख ममता कुंवर ने भी सोमवार को पोपल्टी गांव का दौरा कर पीड़ित व प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया। राज्य सरकार ने हरसंभव आर्थिक सहायता दिलाने, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था के लिए हैंडपंप अथवा पनघट जिला परिषद के माध्यम से स्वीकृत किए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही मौके पर कार्यरत चिकित्सा टीमों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# फायर एनओसी व नियमावली पर होटल एसोसिएशन के साथ चीफ फायर ऑफिसर बाबूलाल जी चौधरी द्वारा चर्चा

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** होटल एसोसिएशन वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया आज होटल एसोसिएशन के द्वारा फायर एनओसी एवं संबंधित नियमावली पर फायर ऑफिसर बाबूलाल जी चौधरी द्वारा विस्तृत प्रकाश डाला गया। फायर संबंधी विभिन्न जानकारी प्रदान की गई। अध्यक्ष सुदर्शन देव सिंह कारोही मनीष गलुनडिया अंबालाल बोहरा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल उपाध्यक्ष यशवर्धन राणावत सचिव उषा शर्मा द्वारा फायर ऑफिसर का स्वागत किया गया। चीफ फायर ऑफिसर बाबूलाल चौधरी ने फायर एनओसी एवं संबंधित नियमावली के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा फायर संबंधी नियम राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते हैं राज्य सरकार के स्तर पर ही संशोधन किए जा सकते हैं नियम आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाए जाते हैं ।पूर्व के जमाने में अग्नि के इतने खतरे नहीं होते थे वर्तमान में देशभर में कई अग्निकांड हुए हैं



जिनको देखते हुए सरकार द्वारा नियम बनाए जाते हैं। नियमों में नागरिकों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाता है। आग लगने पर कोई भी भवन बर्बाद हो जाता है एवं जनहानि भी हो जाती है। बाबूलाल चौधरी ने कहा फायर केमिकल का रिएक्शन होता है तीन एलिमेंट्स के मिलने से फायर हो जाती है आग बुझाते समय एलिमेंट को रिमूव किया जाता है जिससे फायर बंद हो जाती है। फायर चार प्रकार की होती है साधारण फायर, लिक्विड फायर, डॉमेस्टिक सिलेंडर फायर एवं मेटल फायर। सभी के बुझाने के अलग-अलग तरीके हैं उन तरीकों से ही आग को बुझाया जाता है। बाबूलाल जी ने कहा हमें सिलेंडर के साथ लगने वाली रेगुलेटर नली को नियमित अंतराल पर चेंज करना चाहिए, रसोई में चिमनियों को व्यवस्थित तरीके से साफ करना चाहिए एवं सिलेंडर लीकेज होने पर प्रॉपर वेंटिलेशन करना चाहिए। फायर संबंधी नियमों पर प्रकाश डालते हुए बाबूलाल जी ने कहा भवनों की ऊंचाई 15 मीटर से तक,15 मीटर से 30 मीटर तक एवं 30 मीटर से अधिक के विभिन्न श्रेणियां में फायर सिस्टम लगाने के भिन्न-भिन्न नियम है जिसे लगा कर फायर एनओसी प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर बाबूलाल जी द्वारा फायर सेंस के बारे में भी संपूर्ण जानकारी दी गई उन्होंने बताया फायर सेंस वन टाइम चार्ज किया जाता है। फायर परिचर्चा के अवसर पर अध्यक्ष सुदर्शन देव सिंह ने कारोही ने कहा पुरानी होटलों में फायर सिस्टम लगाने में कई प्रकार की समस्या आती है बहुत सारी हेरीटेज प्रॉपर्टी भी है हम आपसे सहयोग की अपेक्षा रखते हैं फायर एनओसी के नियमों में कुछ ढील प्रदान करनी चाहिए एवं फायर एनओसी को 5 वर्ष के लिए दिया जाना चाहिए एवं फायर सेंस को और कम किया जाना चाहिए। परिचर्चा के अवसर पर होटल एसोसिएशन उपाध्यक्ष यशवर्धन राणावत वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल सचिव उषा शर्मा कोषाध्यक्ष जोय सुवालका पूर्व अध्यक्ष अंबालाल बोहरा मनीष गलुनडिया भगवान वैष्णव महेंद्र सुवालका धीरज दोषी वरिष्ठ सदस्य अजय सिंह बोहेड़ा दिनेश चावत महावीर दोषी रतन टॉक योगेश चौधरी डॉ पृथ्वीराज चौहान तेजेंद्र सिंह रोबिन विकास पोरवाल सौनक वर्डिया मनदीप सिंह चौहान अजय सिंह कृष्णावत मुकेश माधवानी डॉ आकांक्षा गोयल सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# हर वर्ग का चहेता बना अंडरवाटर फिश टनल मेला अब अपने अन्तिम चरण में

**उदयपुर (यूथ की आवाज़)।** जोधाणा पब्लिसिटी की ओर से शहर के बी एन कॉलेज ग्राउंड में चल रहा अंडरवाटर फिश टनल के साथ ही शॉपिंग का महाकुंभ का 28 जुलाई का अतिम दिन रहेगा। जोधाणा पब्लिसिटी के दिनेश गौड़ ने बताया कि सोमवार को भी रविवार जैसी भीड़ रही। मेले में बच्चों से लेकर युवा महिला पुरुष एवं बुजुर्गों तक के लिए कई आकर्षक एवं घरेलु चीजें है जो कि हर वर्ग के लिए लगातार आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। व्यापारियों ने बताया कि अब तक चार से पांच बार इस मेले में लगातार आ चुके हैं। हर बार वह कुछ नया खरीद कर ही ले जा रहे हैं। गौड़ ने बताया कि यह मेला देश-विदेश के लजीज व्यंजनों से महकता हुआ है। यहां पर विभिन्न प्रकार की लगभग सत्तर स्टॉल्स लगी है। जहां पर लोगों के मनपसंद के कपड़े एवं घरेलू आइटम मिल रहे हैं। मेले के चौथे दिन ही शहरवासियों की भीड़ उमड़ रही है। उदयपुर के मौसम के हिसाब से भी मेले पर काफी असर रहा है।



रिमझिम बरसात का दौर हो या सुहाने मौसम का मेले में हमेंशा हर स्टॉल और डिकाउंट सेलों के काउंटर पर खरीददारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मेले में अपने उत्पाद बेचने आए व्यापारी ने बताया कि उनके पास कद्दू के बीज जो कि हार्ट, शुगर और बीपी को कंट्रोल करने के काम में आते हैं ऐसे कई तरह के आईटम हैं जो शरीर की विभिन्न व्याधियों से छुटकारा दिलाने में लाभकारी है। जैसे सूर्यमुखी एवं चियासिट घुटनों के दर्द में लाभकारी माना जाता है। इनके साथ ही जो आम तौर पर लोग जिन्हें देखते ही खरीदते हैं उनमें अनारदाना, आलु बुकारा, हरडे, पाचक मुखवास, हींग पेड़ा, इमली लड्डू, आंवला, सुपारी, आमचुर्ण, पोदीना वटी, पीपल, पाचक सोफ, मीठा छुआरा, अजवायन, पाचक अदरक, पाचक पानचुरी, जेम्स लेजी, जीरा गोली, मसाला, केरी जेली, आम टॉफी, खट्टी खारक, खट्टा आम, पापड़, हींग गोली आदि उपलब्ध हैं।

## सार-संक्षेप

### संगीत प्रेमियों ने गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास से मनाया



**चित्तौड़गढ़ (यूथ की आवाज़)।** युवा लोक कला संस्थान ने गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास से मनाया और रविवार को ही पार्श्व गायक मुकेश की जन्म तिथि पर उन्हें भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। सेंती स्तिथ कार्यालय में संस्थान के संरक्षक हेमंत सुहालका, अध्यक्ष के के शर्मा, कार्यक्रम संयोजक रमेश राव शिंदे, प्रहलाद पाराशर, राजेश सिंह राव, पद्मेश शर्मा, दिलदार खान, अफजल भाई, राजकुमार, रेशम भोजवानी, ईशा कंवर, ओमप्रकाश शर्मा, कैलाश चंद्र, पुरु पुंगलिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे इस अवसर पर सदस्यों ने मां सरस्वती की आराधना कर गीत गाए एवं सदस्यों ने वरिष्ठ पदाधिकारियों का सम्मान किया और आगामी दिनों में आयोजित होने वाले गुलशन गार्डन में मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम की तैयारियों पर भी चर्चा हुई जिसमें गायकों के चयन, साउण्ड, बैनर आदि की रूपरेखा तैयार की गई।

### श्रृंगी ऋषि जयंती मनाई

**चित्तौड़गढ़ (यूथ की आवाज़)।** सुखवाल समाज द्वारा किला रोड़ स्थित सुखवाल छात्रावास में दो दिवसीय श्रृंगी ऋषि जयंती धूमधाम से मनाई गई। सचिव महेश सुखवाल ने बताया कि गुरू पूर्णिमा के एक दिन पूर्व प्रातः 8 बजे किले पर बंदरों को केले, चने व गायों को चारा खिलाया गया। दोपहर 2 बजे छात्रावास में मेहंदी, रंगोली, सामान्य ज्ञान परीक्षा की प्रतियोगिताएँ हुई साथ ही महर्षि श्रृंग शिक्षा एवं शोध संस्थान द्वारा 8वीं, 10वीं व 12वीं कक्षा में प्रथम श्रेणी उत्तीण विद्यार्थियों को अध्यक्ष गोविन्द पुरोहित, विठ्ठल पाण्डे, हरिशंकर पाण्ड्या आदि द्वारा प्रोत्साहन हेतु नगद राशि व प्रमाण पत्र दिए गए। मुख्य अतिथि डॉ. पीयूष शर्मा, विशिष्ठ अतिथि डॉ. दीपाली देराश्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। मनोज सुखवाल व पदाधिकारियों ने अतिथियों का माला व उपरना ओढ़ा कर स्वागत किया गया। सायं साढ़े 7 बजे नृत्य प्रतियोगिता में सीनियर व जुनियर बालक-बालिका ने भाग लिया। सुखवाल महिला मंडल अध्यक्षा विजय लक्ष्मी ओझा, पुष्पा ओझा, पुष्पलता सुखवाल, रेखा सुखवाल, आराधना, पुजा ओडा आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई। 21 जुलाई को प्रातः हवन यज्ञ के साथ रक्तदान किया गया। साथ ही महर्षि शिक्षा व शोध संस्थान द्वारा अध्यक्ष मनोज सुखवाल का विगत पांच वर्षों से समाज की सराहनीय सेवाओं के लिए साफा पहना कर सम्मान किया गया।

# विधायक आक्या ने सदन में बाल भिक्षावर्ती पर विराम लगाने की रखी मांग




**चित्तौड़गढ़ (यूथ की आवाज़)।** चित्तौडगढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने सोमवार को विधानसभा में बाल भिक्षावर्ती की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए इसकी रोकथाम हेतु सख्त कानुन बनाए जाने की बात कही। विधायक आक्या ने सदन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा सदन में पेश उत्तर के जवाब में पूरक प्रश्न के माध्यम से सदन में कहा कि बाल भिक्षावृत्ति समाज के लिए अभिशाप है। आज प्रत्येक मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों व सार्वजनिक जगहो पर बहुतायत में भिक्षावृत्ति करते हुए व सामान बेचते हुए बालक दिख जाएगे। संबंधित विभाग द्वारा रोकथाम के दावों व पुलिस द्वारा नियमित निगरानी व गश्त के बावजूद माफियाओं द्वारा राजस्थान के हर चौराहे पर बालको से भिक्षावृत्ति व सामग्री बिकवाना इन दावे की पोल खोलता हे। विधायक आक्या ने सदन में कहां कि इतने नियम कानून बनाने व सरकार के प्रयासों के बाद भी राज्य में भिक्षावृति के आंकडे कम नहीं हो रहे है। उन्होने सदन में मंत्री से पुछा की सरकारी विभाग सरकार द्वारा जारी की जाने वाली योजनाओं का लाभ भिखारियों व निर्धन व्यक्तियों को दिलाने में असफल क्यो हो रहे है? विधाायक आक्या ने कहां कि राजस्थान में बढ़ी संख्या में देश विदेश से पर्यटक आते है ऐसे में बाल भिक्षावृत्ती से प्रदेश की छवि धुमिल होती है। सरकार को इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु सख्त कानून बनाना चाहिए साथ ही निर्धन व निराश्रित बालको को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावासो में संरक्षण देते हुए उनकी शिक्षा पर पर्याप्त ध्यान देना होगा। सदन में ही पूरक प्रश्न के जवाब में मंत्री अविनाश गहलोत ने विधायक चंद्रभान सिंह आक्या द्वारा ऐसे संवेदनशील मुद्दे को सदन में उठाने पर उनका धन्यवाद देते हुए इस हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। विधायक आक्या ने नहरो के पर्याप्त रखरखाव व मरम्मत का मुददा सदन में उठाया। विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने सोमवार को नहरो के सुदृढ़ीकरण का मुददा सदन में उठाते हुए कहां कि वर्षा ऋतु के आगमन से पूर्व जल संसाधन विभाग द्वारा ठेकेदारो के माध्यम से नहरो व एनिकटो का बजट स्वीकृत कर मरम्मत व साफ सफाई की जाती है। उनके विधानसभा क्षेत्र के गंभीरी बांध व ओराई बांधो से निकलने वाली नहरो व एनिकटो की पर्याप्त बजट व निरीक्षण के अभाव में सही मरम्मत व साफ सफाई नही हुई है। विभाग द्वारा बजट नही होने व अधिकारियो, कार्मिको की कमी बताकर पल्ला झाड़ दिया जाता है लेकिन नहरो, एनिकटो की टुट फुट व साफ सफाई नही होने से छिजत के कारण पानी टेल तक नही पहुच पाएगा जिससे नहरो के टेल क्षेत्र में निवासरत किसानो को नुकसान होगा। उन्होने सदन में मंत्री से इस बाबत पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने व प्रभावी मॉनिटरिंग कराने का अनुरोध किया। विधायक ने कहां कि चम्बल का पानी विधानसभा क्षेत्र की 46 ग्राम पंचायतो व शहर में पहुचाने का कार्य प्रगति पर हे। इस कार्य के लिए बनाई जा रही टंकीया व पाईप लाइन बिछाने के कार्य की भी पर्याप्त मॉनिटरिंग कराई जावे ताकि समय पर कार्य सम्पन्न हो तथा क्षेत्रवासीयो को पानी उपलब्ध हो। विधायक आक्या ने सदन में वन मंत्री से उनके विधानसभा क्षेत्र में विकसित किये जा रहे निर्मल वन निर्माण हेतु बजट उपलब्ध कराने व भदेसर क्षेत्र में सेंचुरी के प्रस्ताव को स्वीकृत कराने का अनुरोध किया।

# श्रावण मास की शुरूआत, बरसात की कामना को लेकर रुद्राभिषेक का आयोजन



**चित्तौड़गढ़ (यूथ की आवाज़)।** प्रताप सेतु मार्ग स्थित खंरडेश्वर महादेव मंदिर में शिव शंभू ग्रुप द्वारा श्रावण महोत्सव की शुरूआत बरसात की कामना को लेकर भोले शंकर के रुद्राभिषेक से की गई श्रावण मास की शुरूआत हुई है तथा इस बार सावन मास की शुरूआत सोमवार को हुई है इसके चलते इस बार सावन में पांच सोमवार को भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना करने का लोगों का अवसर मिलेगा साथी श्रावण मास में कई दुर्लभ योग भी हैं प्रताप सेतु मार्ग स्थित प्राचीन खंरडेश्वर महादेव मंदिर में शिव शंभू ग्रुप द्वारा श्रावण महोत्सव की शुरूआत बरसात की कामना को लेकर की गई भगवान भोले शंकर के बरसात की कामना को लेकर विशेष रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया पंडित सूर्य प्रकाश त्रिपाठी के सानिध्य में रुद्री पाठ का आयोजन किया गया इससे पहले दूध, दही, घी, शक्कर, शहद, भांग, गंगाजल, गुलाब जल, सहित कई पदार्थ से भगवान भोले शंकर का अभिषेक किया गया शिव शंभू ग्रुप द्वारा पिछले 23 वर्षों से श्रावण मास में सवेरे 3:00 से ही भगवान भोले शंकर की विशेष पूजा अर्चना व रुद्राभिषेक किया जाता है इस अवसर पर शशांक ओझा, मनोज वशिष्ठ, संजय योगी, गोविंद पटवा, पुरुषोत्तम सिकलीकर, संजय योगी, योगेश जोशी शिव शंभू ग्रुप से जुड़े श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना अभिषेक में भाग लिया।

# विहिप दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति की बैठक हुई सम्पन्न, लिए निर्णय



**चित्तौड़गढ़ (यूथ की आवाज़)।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति की चित्तौड़ प्रांत की बैठक स्थानीय कुम्भानगर में संपन्न हुई। बैठक में दुगार्वाहिनी चितौड़ प्रान्त छात्रा प्रमुख सीमा पारीक दीदी का पाथेय प्राप्त हुआ। बैठक में महाविद्यालय व विद्यालय के कार्यकताओं के साथ दुगार्वाहिनी की बहनों ने वर्तमान परिदृश्य में हो रहे लव जिहाद, धर्मांतरण, सेवा सुरक्षा और संस्कार पर विचार विमर्श कर निस्तारण के उपायों पर की। सभी को संगोष्ठी कर धर्मांतरण, लव जिहाद, राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई और बहनों को शारीरिक मानसिक व बौद्धिक रूप से भी तैयार रहने पर बल दिया, इसके लिए दीदी सीमा पारीक ने बहनों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया। सीमा पारीक ने कहा कि अपने ललाट पर सदा तिलक लगाना चाहिए व शरीर को मजबूत बनाने के लिए सदा शक्ति साधना केंद्र पर जाना चाहिए तब ही बहिने शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से तैयार हांगी। उन्होंने नियमित हनुमान चालीसा का पाठ करना, माता-पिता के चरण स्पर्श करना और ना तो लव जिहाद का शिकार बनना और ना किसी बहन को बनने देने का संकल्प दिलाया और देश में चल रहे नेरेटिव, उनके बारे में समाचार पत्रों व अन्य स्त्रोत सहित व सभी तरह की सामान्य ज्ञान पर ध्यान देने को कहा। विद्यालय एवं महाविद्यालय की बहनों की छोटी-छोटी टुकड़ियाँ बनाकर उनके साथ संगोष्ठियां कर लव जिहाद, आत्मरक्षा, सेवा-सुरक्षा-संस्कार के बारे में चर्चा पर बल दिया।

# डीएसटी की अवैध मादक पदार्थो के खिलाफ बड़ी कार्यवाही




**चित्तौड़गढ़ (यूथ की आवाज़)।** जिला विशेष टीम व चन्देरिया थाना पुलिस ने चन्देरिया थाना क्षेत्र में एक फार्म हाउस पर दबिश देकर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए कुल 485.670 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा सहित स्कोर्पियो को जब्त किया है। पुलिस द्वारा जब्त माल की कीमत 70 लाख से अधिक हैं। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु समस्त थानाधिकारियों व जिला विशेष टीम को विशेष दिशा-निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में जिला विशेष टीम को सूचना मिली कि चन्देरिया थाना क्षेत्र में सतपुड़ा गांव में घोसुंडा की तरफ जाने वाले रास्ते पर राजु पुत्र शंकर लाल जाट ने अपने फार्म हाउस पर एक स्कोर्पियो में भारी मात्रा में अवैध डोडा चूरा भर रखा है। जिला विशेष टीम ने तत्काल इस सूचना से चन्देरिया थाना पुलिस को अवगत कराया। जिस पर थानाधिकारी पन्ना लाल उपनिरीक्षक जाप्ते सहित सतपुड़ा गांव में फार्म हाउस पर पहुंचे सूचना के मुताबिक फार्म हाउस पर एक सफेद रंग की स्कोर्पियो मिली तथा मौके पर कोई व्यक्ति नहीं मिला। पुलिस ने स्कोर्पियो की तलाशी ली तो गाड़ी के पीछे की सीट नहीं होकर वहां 26 कट्टों में भरा हुआ 485.670 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा मिला पुलिस ने नियमानुसार स्कोर्पियो व अवैध डोडाचूरा को जब्त कर आरोपी सतपुड़ा निवासी राजु पुत्र शंकर लाल जाट को नामजद कर लिया है। पुलिस थाना चन्देरिया पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अग्रीम अनुसंधान जारी है।

# नएसयूआई के बैनर तले विशाल मशाल जुलूस निकाला



**चित्तौडगढ (यूथ की आवाज़)।** छात्र संघ चुनाव की माँग को लेकर एनएसयूआई जिला प्रतिनिधि अल्पेश गोस्वामी के नेतृत्व मे एनएसयूआई के बैनर तले विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। छात्र नेता खुमेन्द्र गुर्जर ने बताया कि यह जुलूस गांधी चौक से लेकर सुभाष चौक तक निकाला गया इस दोरान छात्र छात्राओ ने छात्र संघ बहाल करवाने की माँग को लेकर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के विरोध में नारे बाजी कर प्रदर्शन किया। पूर्व नेशनल कॉर्डिनेटर दीपक सिंह राठौड़ नें बताया किं छात्र संघ चुनाव राजनीति किं पहली सीढ़ी है, इससे देश के नीति निर्धारण में युवाओं कि भागीदारी बढ़ती है। जिला प्रतिनिधि अल्पेश गोस्वामी ने बताया कि छात्र संघ चुनाव कि माँग को लेकर प्रदेश में विभिन्न जगहों पर आंदोलन कर रहे छात्र छात्राओं पर राज्य सरकार द्वारा लाठी चार्ज निंदनीय है इसका हजार्ना भाजपा को भुगतना पड़ेगा, यदि तुरंत प्रभाव से छात्र संघ चुनाव बहाली का निर्णय नहीं लिया गया तो हम ओर उग्र प्रदर्शन करेगें। पूर्व नगर उपाध्यक्ष आदित्य चावला ने बताया की इस दोरान युवराज चौहान, पवन नाथ योगी, हर्षवर्धन गुर्जर, मिहिर पुरोहित, गिरीश सेन, राजेश रेगर, देव व्यास, नितेश रेगर, आकांषा, पूजा, किरण, अंकुश चावला, मनोज सेन और सेकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अवैध पिस्टल मय मैग्जीन के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**चित्तौड़गढ़ (यूथ की आवाज़)।** गंगरार थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से एक अवैध पिस्टल व मैग्जीन जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध हथियारों की धरपकड़ कार्यवाही के तहत एएसपी चित्तौड़गढ़ परबत सिंह जैतावत के निर्देशन व डीएसपी गंगरार रामेश्वरलाल के सुपरविजन में थानाधिकारी गंगरार फूलचन्द पु.नि. के निर्देश पर थाने के एएसआई बलवंसिह, कानि. बलवीरसिंह, जगदीश व हरभानसिंह कानि द्वारा सरहद भाटखेडा सें भाटखेडा थाना गंगरार निवासी 25 वर्षीय कन्हैया उर्फ काना पुत्र प्रहलाद रैबारी के कब्जे सें एक पिस्टल मय मैग्जीन जब्त कर आरोपी कन्हैया उर्फ काना को गिरफ्तार किया जाकर पुलिस थाना गंगरार पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

# केंद्र सरकार के 100 दिवस मिशन के तहत भारतीय डाक विभाग लगाएगा डाक चौपाल

**चित्तौड़गढ़ (यूथ की आवाज़)।** भारत सरकार के 100 दिवस मिशन के तहत भारतीय डाक विभाग द्वारा जुलाई माह में चोगावडी (गंगरार), निम्बाहेडा व पीपलखूंट (प्रतापगढ़) में 23 जुलाई 2024 तथा प्रधान डाकघर चित्तौडगढ़ में 24 जुलाई 2024 को डाक चौपाल का आयोजन किया जाएगा, जहा पर डाक विभाग की विभिन्न प्रकार की बचत योजनाओ जैसे बचत खाता, सुकन्या समृद्धि खाता, मासिक आय योजना, मासिक आवर्ती जमा खाता, राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र, महिला सम्मान योजना खाता आदि तरह के खाते खोले जाएंगे। साथ ही, डाक विभाग की डाक जीवन बीमा योजना व ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना, दुर्घटना बीमा योजना तथा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की योजनाओ की जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही आधार कार्ड बनाने तथा आधार कार्ड में अपडेट करने के कार्य किये जाएंगे। अतः ज्यादा से ज्यादा संख्या में उक्त डाक चौपाल में पहुँच कर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करे।

# छात्रसंघ चुनाव व जहाजपुर प्रधान की बहाली की मांग को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन




**चित्तौड़गढ़ (यूथ की आवाज़)।** प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव शीघ्र कराये जाने व गत दिनों जहाजयपुर प्रधान के निलम्बन को राजनैतिक प्रतिशोध बताते हुए उनकी बहाली की मांग को लेकर सोमवार को एनएसयूआई ने राज्यपाल के नाम अति. जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। छात्रसंघ महासचिव ललिता रेगर ने बताया कि एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ के निदेर्शानुसार छात्र नेता कन्हैयालाल वैष्णव के नतृत्व में प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट चौराहे पर श्रृंखला बनाते हुए थाली बजाई और नारे बाजी कर प्रदर्शन किया गया। छात्रनेता वैष्णव ने कहा कि राजनीति की प्रथम सीढ़ी छात्रसंघ चुनाव है व इन चुनावों से छात्रनेता सदैव छात्रहितों में तत्पर रहते हैं। ऐसे में प्रदेश का युवा छात्रसंघ चुनाव चाहता है लेकिन सरकार इसे अनसुना कर रही है। वहीं जहाजपुर के प्रधान के निलम्बन को पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता धीरज गुर्जर के खिलाफ षडयंत्र बताते हुए सीतादेवी गुर्जर व धीरज गुर्जर की राजनीतिक हत्या के प्रयास की कड़ी निन्दा की। निर्वतमान जिलाध्यक्ष कविश शर्मा, प्रवीण मेनारिया ने कहा कि सरकार को जनभावना का सम्मान करते हुए लोकतंत्र की हत्या से अपने दामन को कलंकित होने से बचाना होगा। इस अवसर पर प्रकाश गाडरी, मनोज धाकड़, दीपकसिंह राठौड़, विपिन जाट, भरत धाकड़, देवेन्द्र रेगर, हेमंत मेनारिया, अभिनव शर्मा, निरंजन मेघवाल, लवित मेघवाल, युवराज सिंह चौहान, रवि मनोरिया, राहूल जाट, मनोहर जाट, कन्हैयालाल जाट, करण जाट सहित बड़ी संख्या में पदाअधिकारी, कार्यकर्ता व छात्र उपस्थित रहे।

# गुरुवर्य यति जी का अभिनंदन किया



**चित्तौड़गढ़ (यूथ की आवाज़)।** शहर के यति जी का उपासरा में गुरु पूर्णिमा पर्व आस्था उल्लास पूर्वक मनाया गया। श्रद्धालुओं ने गुरु चरण पूजा और गुरु वंदन अभिनंदन कर गुरु पूर्णिमा मनाई, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा पत्र प्रेषित कर यति जी का अभिनंदन किया, वहीं विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने गुरुजी का अभिनंदन कर आशीर्वाद लिया। यति जी का उपासरा में प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पूज्य श्री विभूषित विनोद चंद जी यति गुरुदेव का बड़ी संख्या में गुरु भक्तों ने अभिनंदन किया। चित्तौड़गढ़ सहित सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर गुरु पूर्णिमा पर्व पर पारंपरिक आस्थापूर्वक गुरु की चरण पूजा करके अभिनंदन किया। इस मौके पर विनोद चंद जी यदि गुरुदेव ने गुरु भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि गुरु आज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हुए शिष्य को सद्मार्ग की राह दिखाता है। उन्होंने कहा कि हम अपने गुरु की महिमा का बखान मात्र न करें, बल्कि गुरु के बताए मार्ग पर चलकर उनकी महिमा को धारण कर स्वयं भी महान बनें और गुरु कार्य मे पूर्ण श्रद्धा, समर्पण के साथ सदैव लगे रहें। यही सच्ची गुरुभक्ति है सचमुच गुरु की महिमा अपरम्पार है। जो बात दवा से होती नहीं वो बात दुआ से होती है। जब सच्चा गुरु मिल जाय तो बात ईश्वर से होती है।

# बिछीवाडा मे कन्या महाविद्यालय को लेकर हलचल हुई तेज

**खैरवाड़ा (यूथ की आवाज़)।** हाल ही में राजस्थान सरकार के बजट मे फलासिया तहसील क्षेत्र को कन्या महाविद्यालय कि घोषणा के बाद क्षेत्र के युवाओ व छात्राओ मे खुशी कि लहर दोड पढी। वरिष्ठ पत्रकार गजेन्द्र मालविया ने बताया कि उपखंड क्षेत्र फलासिया को चिकित्सालय, पचायत समिति से लेकर तहसील कि सुविधा मुख्यालय के पास ही नाग माला मे होने व आई टी आई कोलेज कोल्यारी के पास खेराड मे मिलने से इन गावो मे आने वाले समय मे विकास कि लहर दोड पडेगी। वही फलासिया से महज दो किलो मीटर दुरी पर स्थित बिछीवाडा जो कि विकास के मामले मे पिछडता चला जा रहा है। ऐसे मे राजस्थान सरकार द्वारा घोषित कन्या महाविद्यालय बिछीवाडा मे खुलवाया जाना चाहिए। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति अध्यक्ष भवर सिंह पंवार, फलासिया मण्डल अध्यक्ष भोपाल सिंह शक्तावत नें तहसीलदार व हल्का पटवारी सहित बिछीवाडा पहुंचे। जहाँ पर बिछीवाडा आईटी सेंटर के पास खाली पडी जमीन का निरक्षण किया गया। इस दोहरान झाडोल मण्डल अध्यक्ष निलमराज पुरोहित, मण्डल महामंत्री फतेह लाल पटेल, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष पुरण सिंह, फलासिया उपसंरपच रमेश पटेल, कोल्यारी उप सरपंच डाडम चन्द जैन, वरिष्ठ नेता नन्दु भाई पटेल, नाथु लाल अंगारी सहित ग्रामीण मोजुद थे। प्लान इंडिया संस्थान झाडोल व फलासिया ब्लाक में ड्रॉप आउट बालिकाओं को शिक्षा से जोडने का काम कर रही है। जिसमे 14 से 24 वर्ष कि बालिकाओं को राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के माध्यम से निः शुल्क 10वी व 12वी कक्षा पास करवाती है। साथ ही शिक्षा केंद्र खोलकर शिक्षण कार्य भी करवाती है। प्लान इंडिया संस्था में शिक्षिका पद पर कार्यरत शिक्षिका पुष्पा अंगारी ने बताया कि ये बालिकाएं कक्षा 12वी उत्तीण होने के बाद ड्रॉप आउट हो रही है। क्योंकि बालिकाओं के अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए बालिका महाविद्यालय नहीं है। ऐसे मे अगर कन्या महाविद्यालय बिछीवाडा मे खुलता है तो 12वी पास करने के बाद सभी बालिकाओ को एक ओर मौका मिल जाएगा। अपनी पढ़ाई पूरी करने का। अध्यापिका पुष्पा अंगारी ने बताया कि गरीब परिवारों मे पल रही लडकियां आगे कि पढाई कर सकेगी। ऐसे मे बिछीवाडा मे कन्या महाविद्यालय खुलने से बहुत सी बालिकाओं का भविष्य सुधर सकता है। नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत के मार्गदर्शन में फॉस्टर/श्रीकल्याणेश्वरी चेरिटेबल ट्रस्ट के सानिध्य 21वीं सदी में विकसित भारत राष्ट्रीय शोध प्रतियोगिता में स्थानी स्तर पर 21 वी सदी का मेरा गांव बिछीवाडा का विकसित मॉडल मे शोध पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिसमे गजेंद्र मालवीय द्वारा ₹21वीं सदी मेरा गांव बिछीवाडा आस्था की नगरी₹ मे भी बिछीवाडा मे कोलेज खुलवाने हेतु सुझाव दिया था। जिसे भारत सरकार को प्रेषित कर बिछीवाड़ा को विकसित भारत निर्माण में जोड़ा जाएगा। उधर गांव के युवाओ द्वारा कोलेज खुलवाने के लेकर रविवार को खुशी जाहिर की। इस दोहरान मागीलाल पटेल, सतीश लोहार, पन्नालाल पटेल, दिनेश पटेल, प्रकाश पटेल उपस्थित थे।



## एक नजर

### एबीवीपी आसपुर नगर कार्यकारिणी की हुई घोषणा



**डूंगरपुर (यूथ की आवाज़)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डूंगरपुर जिले की सत्र 2024 - 25 आसपुर नगर की नगर कार्यकारिणी की घोषणा हुई। विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय आसपुर में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला प्रमुख हीरालाल यादव, बांसवाड़ा विभाग संयोजक दिलीप डामोर, जिला संगठन मंत्री रामकृष्ण मेहता का प्रवास रहा। जिला प्रमुख हीरालाल ने अभाविप की 75 वर्षों के गौरवशाली इतिहास विकास यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। और विभाग संयोजक दिलीप ने विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं आयाम कार्य गतिविधि के बारे में कार्यकताओं को जानकारी दी। तथा जिला संगठन मंत्री रामकृष्ण ने आचार पद्धति एवं परम्परा के बारे में बताया। नगर कार्यकारिणी में ललित सिंह और कर्ण सिंह नगर उपाध्यक्ष, महेन्द्र मीणा और मनोज भोई, नरेन्द्र नगर सहमंत्री, हंस मीणा एसएफडी संयोजक, महिपाल डाबी खेल संयोजक, भूपेन्द्र विद्यालय संयोजक, युक्त सेवक विद्यालय सह संयोजक बने।

### एक देश एक समाज, हिन्दू समरसता पर हो हमारा ध्यान : लिम्बाराम

**भीलवाड़ा (यूथ की आवाज़)।** श्री केशव स्मृति सेवा प्रन्यास की और से अम्बेडकर नगर में संचालित घुमंतु जाति छात्रावास का बेंगलुरु से आए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रचारक लिम्बाराम ने अवलोकन किया। इस मौके पर लिम्बाराम ने बालकों से कहा कि हमें एक देश एक समाज, हिन्दुओं की समरसता, नशा मुक्ति और शिक्षा प्रचार प्रसार में पूरा ध्यान देना है। हम यह सोचकर पढ़ाई करे की अच्छे इंसान बने। इस मौके पर शिव गारू, छीतरमल गैंगगट, लादुलाल पोकर, सुरेश डांगरा, भैरूसिंह गोलियां, शंकरलाल माली, प्रन्यास के अध्यक्ष हीरालाल टेलर, छात्रावास संचालन समिति के संयोजक राजेंद्र विजयवर्गीय सहित अंबेडकर नगर के समाज बंधु मौजूद थे।

### गुरुदर्शन से हर प्रकार के कष्ट का निवारण : जागेटिया



**भीलवाड़ा (यूथ की आवाज़)।** हिन्दू जनजागृति समिति एवं श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी चैतन्यानन्द गिरी के सानिध्य में प्रोजेक्टर के माध्यम से गुरु का महत्व बताया गया। इस मौके पर हिंदू जन जागृति समिति के राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के समन्वयक आनंद जागेटिया ने कहा कि शिष्य के जीवन में गुरु का बहुत महत्व है। गुरुपूर्णिमा गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। गुरुदर्शन से हर प्रकार के कष्ट का निवारण होता है। उन्होंने कहा कि गुरु का कार्य शिष्यों का उद्धार करना है, धर्म की संस्थापना करना है। श्रीकृष्ण और अर्जुन के गुरु शिष्य जोड़ी ने यही कार्य किया। इसलिए गुरुपूर्णिमा पर धर्म की रक्षा का संकल्प ले। व्यक्तिगत जीवन में धर्म का विज्ञान समझकर उसे जीवन में लाना और रामराज्य निर्माण के लिए प्रयास करना, यही वास्तविक गुरुकार्य है। लघु उद्योग भारती प्रांत उपाध्यक्ष रविंद्र जाजू ने कुटुंब प्रबोधन पर जागृत किया। कार्यक्रम में गोविंद प्रसाद सोडाणी, केदार गंगरानी, सुमन बाहेती आदि ने भी अपने विचार रखें। गुरु डॉ. आठवले का मार्गदर्शन भी प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। कार्यस्थल पर लगी जागृति की प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। शंकरलाल काबरा, आशा काबरा, शंकरलाल छिपा, लक्ष्मी नारायण कोठारी, भगवानस्वरूप, भंवरलाल शर्मा आदि मौजूद थे।

## गरीब, असहाय के लिये होता हैं रक्तदान ऐसा हैं श्री बाबाधाम




### श्री बाबाधाम पर रक्तदान व वृक्षारोपण में उमड़ा जन सैलाब

**भीलवाड़ा (यूथ की आवाज़)।** श्री बाबा धाम के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल के सानिध्य में मां के दरबार में रक्तदान शिविर लगाया गया। श्री बाबाधाम मंदिर में सुबह 9.15 बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया। आज सुबह से ही सभी सेवादारों ने महात्मा गांधी अस्पताल के डॉक्टर व स्टॉफ के साथ मिलकर रक्तदान शुरू हुआ। रक्तदान के लिये भक्तों का आना सुबह से ही शुरू हो गया। रक्तदान करने वालों की भीड़ को देखते हुए बेड ज्यादा लगाये गये। पिछले 14 वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। श्री बाबाधाम के अध्यक्ष श्री विनीत अग्रवाल ने स्वयं 27वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में श्री बाबाधाम के सेवादारों के परिवारों के अलावा कई भक्तों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। ये सारा रक्तदान यूनिट एक्सीडेंटल केस व गरीब बेसहारा लोगों के लिये काम में लिया जायेगा। रक्तदान करने वालों में कई भक्तजन जो नियमित रविवार को दर्शन के लिये आते हैं उन्होंने भी स्वैच्छा से रक्तदान किया। भक्तजनों में रक्तदान देने के लिये होड़ भी बन गयी। आज रक्तदान करने में कई राजनेता, समाजसेवी, धर्मप्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कई धर्मप्रेमियों के साथ विधायक अशोक कोठारी एवं कालूराम गुर्जर, भाजपा जिला महामंत्री बाबूलाल टांक आदि उपस्थित थे। हर वर्ष की भांति श्री बाबाधाम अपनी परम्परा को निभाते हुये एवं मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दायित्व का समर्पण भाव रखते हुये श्री बाबाधाम पर माता रानी दरबार में गुरू पूर्णिमा के अति शुभ अवसर पर 14वां रक्तदान शिविर लगाया गया।

## पूरे भारत में भ्रमण कर पर्यावरण के प्रति जागृत कर रहे हैं बिश्नोई



**खेरवाड़ा (यूथ की आवाज़)।** साइकिल से पूरे भारत में घूम कर सब जगह जाकर लोगो को प्रकृति के बारे में जागरूक करना है, लोगो को पेड़ पौधों की अहमियत बताना है, लोगो को पर्यावरण के विनाश से पेड़ पौधों में कटाई से होने वाले नुकसान के बारे में बताना है। यह बात कही भारत भ्रमण पर निकले अजय बिश्नोई ने बताया कि साथ ही जितने भी लोग मुझे मिलते है में उन्हें पेड़ पौधे ना काटने को और ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगा कर इस भारत देख को हरा भरा करें, जिससे हमें बहुत सारी बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। सोमवार को केसरिया जी ज्वाला माता मंदिर में पधारे जिनका स्वागत चौखला के अध्यक्ष बाबूलाल, कार्यकारी अध्यक्ष, जन जन में लोकप्रिय, दबंग नेता, समाज को नई दिशा देने वाले, नव चेतना जागृत करने वाले लोकेश भाटिया खेरवाड़ा, नगर अधक्ष बद्री खेरवाड़ा, पोपट जी, कांति जी, गोपाल जी, केसरिया जी, नरेश जी, मनोज जी, शंकर लाल जी पंडित जी, केसरिया जी ज्वाला माता मंदिर के पंडित जी आदि सभी को विश्नोई ने बताया कि वह पूरा हिंदुस्तान घूमना चाहते हैं और नशा मुक्ति हो, प्रकृति से प्रेम करें, युवा को संदेश देना चाहते हैं कि हमें पेड़ पौधे काटने नहीं चाहिए, हमें पेड़ पौधे लगाने चाहिए।

### स्वर्णकार समाज की 160 प्रतिभाओं का सीकर में सम्मान

**भीलवाड़ा (यूथ की आवाज़)।** राजस्थान प्रदेश मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्था (रजि.) के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय प्रथम विशिष्ट प्रतिभा सम्मान समारोह सीकर में हुआ। समारोह में भीलवाड़ा की 6 प्रतिभाओं सहित 160 प्रतिभाओं का सम्मानं प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ के सदस्य दिलीप सोनी में बताया कि समारोह नारकोटिक्स विभाग जोधपुर के डायरेक्टर घनश्याम कुकरा के मुख्य आतिथ्य, समाज के प्रदेशाध्यक्ष शिव प्रसाद तोषावड की अध्यक्षता, सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी मैढ़ रत्न से सम्मानित शिक्षाविद् विद्योतमा वर्मा एवं समाज के महामंत्री बजरंग लाल झींगा एवं हरिओम सोनी, विजय कुमार त्रिलोक चंद जालू के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।

## बारिश की कामना लेकर मन्दिर पहुंची महिलाओं को हैंडपंप खराब मिला तो कुएं से पानी लाकर महादेव को जलमग्न किया

**गनोड़ा (यूथ की आवाज़)।** गनोड़ा ग्राम पंचायत में सोमवार शाम सर्व समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में ललोरा तालाब के किनारे स्थित महादेव मंदिर पहुंची। दरअसल बारिश नहीं होने के कारण गनोडा में महिलाओं के द्वारा अलग-अलग प्रकार के टोटके किए जा रहे हैं। एक दिन पहले बुनकर बस्ती की महिलाओं ने बारिश नहीं आने के कारण इंद्रदेव के लिए टोटका किया था। सोमवार को सर्व समाज की महिलाओं के द्वारा भी बारिश की कामना को लेकर महादेव को जलमग्न करने का मानस बनाया तथा इसी को लेकर सभी तालाब के किनारे स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। महादेव मंदिर पर सार्वजनिक हैंडपंप लगा हुआ है लेकिन पिछले कई महीनो से हैंडपंप की चेन खराब हो चुकी है जिसके कारण पानी नहीं आ रहा है। महिलाओं को हैंडपंप खराब होने की स्थिति में पास में स्थित जलदाय विभाग के कुएं से जोखिम उठाकर पानी भरना पड़ा। कुए से पानी भरना काफी मेहनत का तथा रिस्क का काम था लेकिन फिर भी महिलाओं ने अपनी जान पर खेल कर यह काम किया। सर्व समाज की महिलाओं ने आक्रोश जताते हुए कहा कि पंचायत बेपरवाह बनी बैठी है। बड़ी संख्या में महिलाओं ने ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आक्रोश जताया तथा महिलाओं ने कहा कि पिछले 5 सालों से गनोडा में कुछ भी विकास नहीं हुआ है। महिलाओं का कहना था कि पंचायत गांव में तो कुछ अच्छा काम नहीं कर पा रही लेकिन भगवान के मंदिर पर तो हैंडपंप ठीक करवा सकती है। खैर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने तो अच्छा काम नहीं किया लेकिन गांव की सर्व समाज की महिलाओं ने बारिश की कामना को लेकर अपनी मेहनत एवं आस्था को सर्वोपरि रखते हुए महादेव को जलमग्न किया तथा इंद्रदेव से क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना की। ग्राम पंचायत गनोडा में ना नालियां ठीक है और ना ही सड़के चलने लायक। गांव में विकास काम पूरी तरह से ठप हो चुका है तथा इसकी वजह से गांव के युवाओं में भी ग्राम पंचायत के खिलाफ आक्रोश है। गांव के युवा ललित जोशी का कहना है कि हमने महादेव मंदिर पर स्थित हैंडपंप को ठीक करने के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों को कहा है लेकिन जनप्रतिनिधि ग्रामीणों की बात सुनते ही नहीं। युवाओं ने जैसे तैसे करके मंदिर पर लगे हैंडपंप की चेन स्क्रू लगाकर ठीक की लेकिन थोड़ी देर चलने के बाद यह वापस खराब हो जाती है। इसके अलावा मंदिर के आसपास काफी गंदगी भी है जिसके कारण मंदिर पर दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। महादेव को जलमग्न करने वाली महिलाओं में मंगली टेलर, कमला देवी, हर्षा जोशी, नर्मदा पाटीदार, विद्या टेलर, गमीरी देवी, दुर्गा यादव, सवल गायरी, रतन गायरी, नंदा देवी, शांति सुथार, काली यादव, कांता राव, सुनीता पाटीदार, कल्पना देवी, श्यामू पाटीदार, कल्पना राव, विद्या टेलर, गीता देवी, मणि देवी, रंजना देवी, रानी, रिया, नर्मदा, कांता राव आदि महिलाएं मौजूद रही।

## श्री पीताम्बरा आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर अनुष्ठानों की धूम रही,

**बांसवाड़ा (यूथ की आवाज़)।** गायत्री मण्डल बांसवाड़ा द्वारा संचालित श्री पीताम्बरा आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव विभिन्न अनुष्ठानों के साथ रविवार रात सम्पन्न हुआ। इसके अन्तर्गत श्रीविद्या साधना परिषद के संयोजक पं. आशीष पण्ड्या (पिण्डारमा) के आचार्यत्व में गुरु अर्चन, स्तवन एवं पूजा से संबंधित अनुष्ठानों के उपरान्त श्रीविद्या अनुष्ठान एवं यज्ञार्चन विधान विभिन्न साधनाओं एवं प्रयोगों में साधक-साधिकाओं के समूहों ने श्रद्धा-भक्ति से हिस्सा लिया। इस अवसर पर यज्ञ पूणार्हुति, आरती एवं पुष्पान्जलि विधान में जनसेवा प्रतिष्ठान के प्रमुख धर्मराज, गायत्री मण्डल के मुख्य संरक्षक, पूर्व आयुक्त दिलीप गुप्ता, समाजसेवी नागेन्द्र दोसी, गायत्री मण्डल के संरक्षक पं. विद्यासागर शुक्ल, उपाध्यक्ष मनोहर जी. जोशी, सचिव विनोद शुक्ल, कार्यकारिणी सदस्य पं. अरुण व्यास एवं कमलकान्त भट्ट, वास्तु परिषद के संयोजक पं. चन्द्रशेखर जोशी, पं. दुर्गादत्त भट्ट, पीताम्बरा परिषद के सह संयोजक पं. मधुसूदन व्यास, हिरेन उपाध्याय आदि साधकों एवं साधिकाओं ने हिस्सा लिया। इससे पूर्व श्रीविद्या हवन में पूणार्हुति गायत्री मण्डल के संरक्षक डॉ. दिनेश भट्ट एवं नीता भट्ट ने अर्पित की। गुरु स्तवन एवं पूजन-अर्चन अनुष्ठानों में पं. चन्द्रेश व्यास, पुष्पा व्यास, कल्पना डिण्डोर, चार्वी, पं. जय रणा, कार्यक्रम समन्वयक पं. मनोज नरहरि भट्ट, पं. अजय अधिकारी, मदनमोहन भट्ट आदि ने हिस्सा लिया।



## चातुर्मास में हर व्यक्ति भगवान की पूजा अर्चना करें : स्वामी चैतन्यानन्द

**भीलवाड़ा (यूथ की आवाज़)।** श्री रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट की ओर से हमीरगढ़ रोड स्थित रामधाम में सोमवार को चातुर्मास शुरू हुआ। इस मौके पर चातुर्मास के लिए आए नर्बदा तट खरगोन के स्वामी चैतन्यानन्द गिरी ने मंगलाचरण से प्रवचन कि शुरूआत की। स्वामी ने कहा कि भगवान की चातुर्मास में हर व्यक्ति को पूजा अर्चना करनी चाहिए। भगवान को भोग लगाकर भोजन करना चाहिए। हरी सब्जी व दही का प्रयोग नहीं करना चाहिए। प्रवचन के शुरू में शान्ति पाठ पंडित रमाआकांत शर्मा व पंडित सुशील शुक्ला ने किया। स्वामी का माल्यार्पण राकेश सिंहल व ओमप्रकाश अग्रवाल ने किया। श्री राम जय राम से रामधाम गुंजायमान रहा। राकेश सिंहल व धर्मवीर बियानी के यजमानत्व में शिवालय में पंडित रमाकांत शर्मा, पंडित रामू, पंडित घनश्याम, पंडित सुशील शुक्ला के मन्त्रोंचार के बीच अलग अलग समय में दुग्धभिषेक किया गया। सावन का पहला दिन और सोमवार होने से शिवालय भोले के जयकारों से गुंजायमान रहा। भक्तों का अभिषेक के लिए तांता लगा रहा। प्रवक्ता गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया की रामधाम में चातुर्मास के तहत नियमित सुबह 9 बजे से स्वामी चैतन्यानंद गिरी महाराज के प्रवचन होंगे। सुबह 10 व शाम 4 बजे शिवालय में भगवान शंकर के परिवार का भव्य श्रृंगार एवं अभिषेक होगा।



# प्रारंभिक शिक्षा के शारीरिक शिक्षको की जिला वाकपीठ कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

**फतहनगर (यूथ की आवाज़)।** सोमवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जसपुरा (वल्लभनगर) में प्रारंभिक शिक्षा शारीरिक शिक्षक वाकपीठ की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर शिक्षा अधिकारियों एवम वॉकपीठ के पदाधिकारीयो द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत सभी ने पौधरोपण किया। बैठक में विभागीय ने अनुसार आगामी दिनों में सत्र 2024-25 में आयोजित किए जाने वाले 14 वर्ष आयु वर्ग के छात्र एवं छात्राओं की विभिन्न खेलो की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाए जाने पर विचार विमर्श करते हुए खेलों के लिए आयोजन स्थल तथा आयोजन की तिथियां तय करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वल्लभनगर अनिल पोरवाल थे। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी वल्लभनगर गोपाल मेनारिया संदर्भ व्यक्ति प्रकाश मेनारिया, प्रारंभिक शिक्षा शारीरिक शिक्षक वाकपीठ के अध्यक्ष विजय लाल मेनारिया, वॉकपीठ सचिव जगन्नाथ सिंह चुंडावत, जिला खेलकूद संचालन समिति के युगल किशोर शर्मा दीपक राणावत और बलवीर सिंह राठौड़, जिला कार्यकारिणी के शंभू सिंह राठौड़ ,हनुमंत रावल, प्रवीण कुमार जैन तथा पीईईओ गुंपडी कमल जोशी, राउमावि गुंपड़ा के प्रधानाचार्य भंवर सिंह राठौड़, राजस्थान सॉफ्टबॉल संघ के सचिव करण सिंह चुंडावत, डाइट व्याख्याता लक्ष्मण दास वैष्णव, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह झाला, शैक्षिक प्रकोष्ठ के राजेंद्र सिंह सारंगदेवोत ,संयुक्त जिला मंत्री हेमंत मेनारिया, कोषाध्यक्ष मंगल जैन आदि थे। प्रा. शिक्षा शारीरिक शिक्षक वाक्पीठ के जिला मीडिया प्रभारी गोपाल मेहता मेनारिया ने बताया कि बैठक की शुरूआत मां सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। जसपुरा विद्यालय के संस्था प्रधान कालू लाल डांगी ,शारीरिक शिक्षक बलबीर सिंह राठौड़ एवं विद्यालय के एवम स्टाफ द्वारा समस्त अतिथियों का तिलक एवं ऊपर्णा धारण करवा कर स्वागत अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि पोरवाल एवं अनेक पदाधिकारी ने अपने-अपने विचार रखते हुए इस सत्र में होने वाली विभिन्न खेलों की खेलखुद प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन एवं संचालन की विस्तृत रूपरेखा पर विचार व्यक्त किए। जिला खेलकूद संचालन समिति के युगल किशोर शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिताओं में कबड्डी एवं खो-खो खेलों में छात्र एवं छात्राओं की टीमें बहुत अधिक भाग लेने की वजह से इस 2024 - 25 में होने वाले वाली खेल प्रतियोगिताओं में छात्र एवं छात्राओं की प्रतियोगिताएं अलग-अलग स्थान पर करवाई जाने का निर्णय लिया गया है।



# प्रभास को भगवान की तरह मानते हैं प्रशंसक



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि प्रभास को उनके प्रशंसक भगवान की तरह मानते हैं।नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। 'कल्कि 2898 एडी' वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रूपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है।'कल्कि 2898 एडी'के मेकर्स वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया पर एक नया वीडियो शेयर किया,जिसमें अमिताभ बच्चन, नाग अश्विन से खास बातचीत करते नजर आ रहे हैं।

अमिताभ बच्चन ने कहा कि प्रभास जैसे किसी व्यक्ति को, जिसे उनके प्रशंसक भगवान मानते हैं। उन्होंने फिल्म में अपने प्रदर्शन के लिए मिलने वाली प्रशंसा को भी टाल दिया और कहा कि यह सब नाग अश्विन की दृष्टि का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को फिल्म के पहले भाग के बारे में शिकायत थी, वे शायद इसे समझ नहीं पाए। आप दर्शकों को ध्यान में रखकर फिल्म बना रहे हैं और ऐसे कई हिस्से हैं, जिनके लिए, फिल्म उद्योग में रहने वाले व्यक्ति के रूप में, मैं समझ सकता हूं। प्रभास बहुत बड़े हैं। वह भगवान की तरह हैं कई तत्व, जो लोगों ने फिल्म के पहले भाग में महसूस किए, इसकी लंबाई के कारण, वे समझ नहीं पाए और वे कह रहे थे, 'चलो कहानी पर आते हैं'। लेकिन सच तो यह है कि पहला भाग फिल्म के नायक के लिए एक परिचय की तरह है। अमिताभ बच्चन ने नाग अश्विन द्वारा प्रभास को एक भगवान के समान चरित्र के रूप में चित्रित करने की प्रशंसा की।

# जयाप्रदा ने किए महाकाल के दर्शन

उज्जैन,(आईएएनएस)। भाजपा नेता और अभिनेत्री जयाप्रदा उज्जैन प्रवास के दौरान रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंची और बाबा महाकाल के दर्शन किए। पुजारी पंडित अर्पित गुरु ने पूजन संपन्न कराया। जयाप्रदा ने नंदी हॉल से भगवान का पूजन और अभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने नंदी जी के कानों में अपनी मनोकामना भी कही। जयाप्रदा बाबा महाकाल की पूजा अर्चना के बाद नंदी हॉल में बैठकर भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखाई दीं। रिपोर्ट के अनुसार, इस बीच अभिनेत्री ने जय श्री महाकाल का उद्घोष भी किया।



इसके बाद अभिनेत्री जयाप्रदा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मैं बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आई हूं। मैं जब भी इंदौर आती हूं तो यहां माथा टेकने जरूर आती हूं। यहां आने से सब कुछ शुभ होता है। मेरी आस्था है कि भगवान शिव हमेशा साथ रहेंगे।

# भारत में बुजुर्गों की आबादी

## 2050 तक दोगुनी हो जाएगी!

■ नई दिल्ली।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की भारत इकाई 'यूएनएफपीए- इंडिया' की प्रमुख एंड्रिया वोजनार ने कहा है कि भारत की बुजुर्ग आबादी 2050 तक दोगुनी हो जाने की संभावना है और देश में खासकर उन बुजुर्ग महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन में अधिक निवेश किए जाने की जरूरत है, जिनके 'अकेले रह जाने और गरीबी का सामना करने की अधिक आशंका है।' 'यूएनएफपीए- इंडिया' की 'रेजिडेंट' प्रतिनिधि वोजनार ने विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) के कुछ दिनों बाद एक साक्षात्कार में जनसंख्या के उन प्रमुख रुझानों को रेखांकित किया, जिन्हें भारत सतत विकास में तेजी लाने के लिए प्राथमिकता दे रहा है। इनमें युवा आबादी, वृद्ध जनसंख्या, शहरीकरण, प्रवासन और जलवायु के अनुसार बदलाव करना शामिल है। ये कारक सभी देश के लिए अनूठी चुनौतियां और अवसर पेश करते हैं।

वोजनार ने कहा कि 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों की संख्या 2050 तक दोगुनी होकर 34 करोड़ 60 लाख हो जाने का अनुमान है, इसलिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन योजनाओं में निवेश बढ़ाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा, '...खासकर वृद्ध महिलाओं के लिए ऐसा करना आवश्यक है, जिनके अकेले रहने और गरीबी का सामना करने की अधिक आशंका है।' 'यूएनएफपीए-इंडिया' प्रमुख ने कहा कि भारत में युवा आबादी काफी है और 10 से 19 वर्ष की आयु के 25 करोड़ 20 लाख लोग हैं। उन्होंने जिक्र किया कि लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरी के लिए प्रशिक्षण और रोजगार सृजन में निवेश करने से इस जनसांख्यिकीय क्षमता को भुनाया जा सकता है और देश को सतत प्रगति की ओर अग्रसर किया जा सकता है। वोजनार ने कहा, 'भारत में 2050 तक 50 प्रतिशत शहरी आबादी होने का अनुमान है, इसलिए झुग्गी बस्तियों की वृद्धि, वायु प्रदूषण और पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के लिए स्मार्ट शहरों, मजबूत बुनियादी ढांचे और किफायती आवास का निर्माण महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, 'शहरी योजनाओं में महिलाओं की सुरक्षा संबंधी जरूरतों, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा एवं नौकरियों तक पहुंच को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए, ताकि लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जा सके और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हो सके।' वोजनार ने यह भी कहा कि आंतरिक और बाहरी प्रवासन को प्रबंधित करने के लिए अच्छे से सोच-विचार कर योजना बनाने, कौशल विकास करने और आर्थिक अवसर वितरण की आवश्यकता होती है।



60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों की संख्या 2050 तक दोगुनी होकर 34 करोड़ 60 लाख हो जाने का अनुमान है, इसलिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन योजनाओं में निवेश बढ़ाने की सख्त जरूरत है।



# भारत में फेफड़ों

## की बीमारियों का बोझ अनुमान से अधिक

■ नयी दिल्ली (भाषा)।

भारतीय चिकित्सकों ने चिंता व्यक्त की है कि वायु प्रदूषण और तम्बाकू के सेवन के उच्च स्तर के कारण देश में फेफड़े से संबंधित बीमारियों का बोझ हाल में लैंसेट द्वारा किए गए अध्ययन में लगाए गए अनुमान से कहीं अधिक हो सकता है। मई में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, 'इस्केमिक' हृदय रोग के दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण बने रहने की आशंका है। इसके बाद स्ट्रोक, मधुमेह और 'क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज' (सीओपीडी) से मौत का अधिक खतरा है।

'इस्केमिक' हृदय रोग आपके हृदय में रक्त के प्रवाह में कमी के कारण हृदय के कमजोर होने का संकेत है। आमतौर पर, यह कम रक्त प्रवाह कोरोनरी धमनी रोग का परिणाम होता है, एक ऐसी स्थिति जो तब होती है जब आपकी कोरोनरी धमनियां संकरी हो जाती है। सीओपीडी फेफड़ों की एक बीमारी है जो वायु प्रवाह को बाधित करती है और इससे सांस लेने में समस्या पैदा होती है। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट में 'इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी' के कार्यकारी निदेशक और कैथ लैब के प्रमुख डॉ. अतुल माथुर ने कहा, 'खराब जीवनशैली और बढ़ते तनाव के कारण यह सबसे बड़ी जानलेवा बीमारी बनी रहेगी।' चिकित्सकों ने हालांकि यह भी चेतावनी दी कि भारत में फेफड़े से संबंधित बीमारियों का बोझ हाल में लैंसेट द्वारा किए गए अध्ययन में लगाए गए अनुमान से कहीं अधिक हो सकता है क्योंकि संक्रामक रोगों के साथ-साथ वायु प्रदूषण और धूम्रपान की चुनौतियां पहले से ही बनी हुई है।



गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में 'इंस्टीट्यूट ऑफ चेस्ट सर्जरी, चेस्ट ऑन्को सर्जरी और लंग ट्रांसप्लांटेशन' के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार ने कहा, 'ऐसा इसलिए है क्योंकि हम अभी भी संक्रामक बीमारियों की पुरानी समस्याओं से जूझ रहे है, जिसमें टीबी भी शामिल है। दूसरी ओर, हमने फेफड़ों के कैंसर जैसी नई बीमारियों में भारी वृद्धि देखी है।' मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल और चिकित्सा अनुसंधान केंद्र में सलाहकार पल्मोनोलॉजिस्ट और महामारीविज्ञानी डॉ. लैंसलॉट पिंटो के अनुसार वायु प्रदूषण और तम्बाकू सेवन के उच्च स्तर के कारण सीओपीडी मृत्यु दर के शीर्ष प्रमुख कारणों में से एक हो सकता है।

# कंगना ने गुरू पूर्णिमा पर दी शुभकामनाएं

**मुंबई (वार्ता)।** अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने गुरू पूर्णिमा के अवसर पर अपने प्रशंसकों को शुभकामनाएं दी हैं। कंगना ने एक्स पर रामकृष्ण मठ की तस्वीरें साझा कीं। उन्होने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, बचपन से जो मेरे गुरू रहे हैं, जिन्होंने अपने आशीर्वाद और शिक्षाओं से सदा मेरा मार्गदर्शन किया है, आज उन्हीं स्वामी विवेकानंद जी के रामकृष्ण मठ में सुबह सुबह उनका आशीर्वाद लिया। गुरुओं के बारे में मैं क्या ही कहूं, ये नरक समान जीवन गुरु के चरण मात्र दर्शनों से स्वर्ग बन जाता है, गुरुओं की कृपा सब पर बनी रहे, गुरुपूर्णिमा की सबको हार्दिक शुभकामनाएं।



# अभिनेत्री पूजा बत्रा ने वाराणसी यात्रा के अनुभव शेयर किये

मुंबई (आईएएनएस)। अभिनेत्री पूजा बत्रा शाह ने हाल ही में अपनी आध्यात्मिक यात्रा के अनुभव को शेयर किया। पूजा बत्रा 'नायक: द रियल हीरो', 'एबीसीडी 2', 'स्क्वाड' और अन्य फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में वाराणसी का दौरा किया था और अध्यात्म को अपनाया। उन्होंने रविवार को इंस्टाग्राम पर शहर के अपने अनुभव शेयर किये। वीडियो में अभिनेत्री योगाभ्यास करती, वाराणसी के घाटों पर घूमती और साधु-संतों के साथ समय बिताती नजर आ रही हैं। वीडियो के कैप्शन में पूजा बत्रा ने लिखा, वाराणसी से होकर गुजरने का सौभाग्य मिला। प्यार के लिए काशी का शुक्रिया। बनारस और गंगा के चमत्कार। वीडियो में बैकग्राउंड में वडाली ब्रदर्स का सॉन्ग 'माहिया तेरे वेखन नू' बज रहा है। पूजा को आखिरी बार स्ट्रीमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म 'स्क्वाड' में देखा गया था। उन्होंने 9 फरवरी 2003 को दिल्ली के आर्थोपेडिक सर्जन सोनू एस. अहलूवालिया से शादी की थी, बाद वह कैलिफोर्निया के लॉस एंजेल्स चली गईं। जनवरी 2011 में आपसी मतभेदों का हवाला देते हुए एक अमेरिकी अदालत में दोनों ने तलाक के लिए अर्जी दी। अभिनेत्री ने जून 2019 में अभिनेता नवाब शाह के साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया था। दोनों ने 4 जुलाई 2019 को आर्य समाज परंपरा के अनुसार दिल्ली में शादी कर ली। अपने अभिनय करियर के अलावा, पूजा बत्रा ने अपना समय और संसाधन परोपकार में लगाया है। इनमें एड्स (मुक्ति फाउंडेशन), बेघर बच्चों, बॉम्बे पुलिस विभाग और कश्मीर संघर्ष में घायल सैनिकों की सहायता शामिल हैं।



# बेटी के साथ वेकेशन एंजॉय कर रहीं रवीना टंडन

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन इन दिनों अपनी बेटी राशा थडानी के साथ वेकेशन एंजॉय कर रहीं हैं। रवीना टंडन इन दिनों वह अपनी बेटी राशा थडानी के साथ हंगरी के बुडापेस्ट में वेकेशन एन्जॉय कर रही है। इस दौरान की उन्होंने कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। पहली तस्वीर में रवीना ऑलिव ग्रीन को-ऑर्ड सेट में नजर आ रही है, और राशा ब्लैक जिपर और मैचिंग जॉगर्स के साथ व्हाइट क्रॉप टॉप में दिखाई दे रही है। दूसरी फोटो मे मां-बेटी की जबरदस्त केमिस्ट्री नजर आ रही है।तीसरी तस्वीर में बुडापेस्ट का खूबसूरत नजारा है और चौथी तस्वीर मे राशा और उनके दोस्त दिखाई दे रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए रवीना ने कैप्शन में लिखा, ऑल इन ए डेज वर्क! हैशटैग बुडापेस्ट। रवीना की इन पोस्ट पर फैंस तारीफ कर रहे हैं।



# विक्की कौशल ने देखी 'बैड न्यूज'



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने अपनी फिल्म 'बैड न्यूज' सिनेमाघर में दर्शकों के साथ देखी। आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी तृप्ति डिमरी, विक्की कौशल और एमी विर्क की फिल्म'बैड न्यूज'19 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। दो दिन में फिल्म बैड न्यूज ने करीब 20 करोड़ रूपये की कमाई कर ली है।विक्की कौशल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह दर्शकों का रिएक्शन जानने के लिए सिनेमाघर पहुंचे। विक्की कौशल ने इस वीडियो के कैप्शन में लिखा, बारिश के कारण शहर को अलर्ट पर रखा गया है और आप लोग अभी भी आएं और इसे हाउसफुल शो बनाया। बैडन्यूज की टीम के लिए इस सप्ताहांत को आनंदमय बनाने के लिए धन्यवाद। हमें उम्मीद है कि हम आपके लिए भी ऐसा करने में सफल रहे हैं। मिल रहे सभी प्यार के लिए केवल आभार। प्यार आपका सच में तौबा तौबा है।

# धर्मेंद्र ने शेयर की शर्टलेस फोटो



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता धर्मेन्द्र ने सोशल मीडिया पर अपनी शर्टलेस फोटो शेयर की है। धर्मेंद्र को बॉलीवुड का हीमैन कहा जाता है। धर्मेन्द्र ,इंस्टाग्राम पर अपनी डेली लाइफ की फोटो और वीडियो शेयर करते रहते हैं। इसी बीच उनका नया पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई फोटो में फर्श पर धर्मेंद्र बैठे हुए हैं। धर्मेन्द्र की इस फोटो को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।

# वेदा का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ अभिनीत फिल्म 'वेदा' का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म वेदा के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है, जिसमें शरवरी और जॉन नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर मे शरवरी घायल नजर आ रही है। शरवरी के पैरों पर चोट लगी हुई है और जॉन उन्हें कुछ पीने के लिए देते नजर आ रहे है। शरवरी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म'वेदा'का एक नया पोस्टर साझा किया है, जिसमे वह जॉन अब्राहम के साथ नजर आ रही है। फिल्म के इस पोस्टर के साथ शरवरी ने एक खास नोट भी लिखा है। शरवरी ने लिखा, अभिमन्यु सर, म्हारी दुनिया में आप एक अकेले ऐसे इंसान हो, जिसने कभी-कोई फर्क नहीं किया। गुरु हो आप मेरे जिसने म्हारा साथ दिया, लड़ना सिखाया, दुनिया की रीति-नीति, सही-गलत सिखाके एक फाइटर बनाया। अन्याय सहना नहीं बल्कि अन्याय के खिलाफ जंग करने का रास्ता आपने सिखाया। आप प्रेरणा हो म्हारी, और मेरे जैसे कई वेदा की। आज गुरू पूर्णिमा के दिन, वादा है ये फाइटर वेदा का आपसे की ये जंग जो अन्याय के खिलाफ छेड़ी है मैंने आखिरतक लडूंगी भी और जीतूंगी भी। आपकी शिष्य, वेदा। निखिल आडवाणी निर्देशित फिल्म वेदा में जॉन और शरवरी के आवा तमन्ना भाटिया भी अहम भूमिका में नजर आएंगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक धीरज कुमार जैन द्वारा यूथ की आवाज प्रिंटर्स विश्वकर्मा गार्डन के पीछे, तितरड़ी, उदयपुर, राजस्थान से मुद्रित एवं विश्वकर्मा गार्डन के पीछे, तितरड़ी, उदयपुर, राजस्थान से प्रकाशित। संपादक : विवेक भटनागर (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पीआरबी अधिनियम की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी) समस्त विवाद उदयपुर न्यायालय के अधीन। मोबाईल नं. :- 8077704115, ई-मेल :- youthkiawazudr@gmail.com Web : www.youthkiawaz.co.in आर.एन.आई. RAJHIN/2021/81652.

देवों के देव महादेव की पूजा के लिए सावन माह को बेहद शुभ माना जाता है। जल्द ही इसकी शुरुआत होने वाली है। इस माह में आने वाले सभी सोमवार को भोलेनाथ की पूजा का विधान है। इसके अलावा व्रत रखने की भी परंपरा सदियों से चली आ रही है। मान्यता है कि इस उपवास को रखने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। साथ ही तरक्की के भी योग बनते हैं। इस दौरान महादेव और देवी पार्वती की एक साथ पूजा करने से वैवाहिक जीवन में खुशहाली बनी रहती है। वहीं सावन माह में चातुर्मास होने के कारण इस माह की महत्ता अधिक बढ़ जाती है। बता दें चातुर्मास में पूरी सृष्टि का संचालन शंकर जी के हाथों में होता है। ऐसे में पूजा पाठ व अन्य शुभ कार्य को करने से भोलेनाथ का आशीर्वाद उसमें बना रहता है।

# सावन सोमवार व्रत रखने से होती है मनोवांछित फलों की प्राप्ति




सावन सोमवार व्रत को रखना बेहद लाभदायक होता है। इसे रखने से मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है। इस साल ये व्रत 22 जुलाई 2024 को रखा जा रहा है। इसी दिन से ही सावन माह की भी शुरुआत होगी। इस दौरान प्रीति योग, आयुष्मान योग और स्वार्थ सिद्ध योग बना रहेगा। कहा जाता है कि इस योग में शिव की पूजा और व्रत रखने से संपूर्ण फल की प्राप्ति होती है। ऐसे में उपवास को हमेशा नियमानुसार खोलना चाहिए। इसी कड़ी में आइए व्रत खोलने की विधि के बारे में जान लेते हैं।

### सावन सोमवार व्रत विधि

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन सोमवार का व्रत शाम के समय शिव पूजन के बाद ही खोलना चाहिए। इस दौरान महादेव की विधिनुसार पूजा करने का विधान है। पूजा के बाद आप उन्हें मिठाई या खीर का भोग भी लगा सकती हैं। इसके बाद आप अपना व्रत खोल सकती हैं। ऐसे में आप चाहें तो फलों का सेवन भी कर सकते है। सावन सोमवार व्रत में आप चाय और मखाने के साथ-साथ सात्विक भोजन भी कर सकते हैं। इस दौरान भोजन में आलू, दही, हलवा, मीठा आदि को शामिल किया जा सकता है।

### सावन सोमवार व्रत नियम

सावन सोमवार पर सुबह जल्दी उठकर स्नान करना चाहिए।

इसके बाद साफ वस्त्रों को धारण करके महादेव की पूजा करनी चाहिए। इस दौरान शिवलिंग का जल से अभिषेक करना न भूलें। वहीं सोमवार के इस व्रत में एक ही समय भोजन करना चाहिए। इसके अलावा आप फलाहार ले सकते हैं। इस दौरान दिन में भूलकर भी नहीं सोना चाहिए। सावन सोमवार के व्रत में तामसिक चीजों का सेवन करने की मनाही होती है। इसके अलावा इस मास में असत्य बोलने, झूठे आरोप लगाने और हिंसा करने से बचना चाहिए।

# भगवान विष्णु को क्यों कहा जाता है नारायण और हरि, जानिए इसके पीछे का रहस्य

**गुरुवार** का दिन श्रीहरि को समर्पित होता है और यह दिन श्रीहरि की पूजा करने के लिए विशेष माना जाता है। आपने श्रीहरि के तमाम नामों के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं कि श्रीहरि को नारायण क्यों कहते हैं। जगत के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु को कई नामों से पुकारा जाता है। वहीं गुरुवार का दिन श्रीहरि को समर्पित होता है और यह दिन श्रीहरि की पूजा करने के लिए विशेष माना जाता है। अगर किसी व्यक्ति का भाग्य साथ नहीं दे रहा और उसके काम नहीं बन रहे हैं। तो उसे भगवान श्रीहरि की स्तुति करनी चाहिए। मान्यता के अनुसार, जो भी जातक गुरुवार के दिन विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा-आराधना करता है, उसके सभी काम बनने लगते हैं और भाग्य का साथ मिलने लगता है। आपने भगवान विष्णु के कई नाम सुने होंगे। कई धार्मिक ग्रंथों में श्रीहरि को नारायण तो कहीं पर जगत के पालनहार कहा गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भगवान श्रीहरि विष्णु को नारायण क्यों कहा जाता है।



### भगवान विष्णु को क्यों कहते हैं नारायण

पद्म पुराण के मुताबिक भगवान श्रीहरि विष्णु जल में निवास करते हैं। वहीं भगवान विष्णु के अनन्य भक्त देवर्षि नारद उनको नारायण कहते हैं। बता दें कि नारायण का अर्थ है, जल जिसका प्रथम अयन हो। विष्णु पुराण के अनुसार, भगवान विष्णु क्षीर सागर में निवास करते हैं। इसलिए उनको नारायण कहते हैं। वहीं जल को संस्कृत भाषा में नीर कहते हैं और नारायण शब्द नर जिसका अर्थ है जल और अयन जिसका अर्थ है स्थान, से मिलकर बना है। इस तरह के नारायण का अर्थ हुआ, जल जिसका प्रथम अयन यानी की रहने का स्थान हो। इस वजह से श्रीहरि विष्णु को नारायण कहा जाता है।

### विष्णु नाम का अर्थ

भगवान विष्णु के इस नाम का अर्थ है, जिस नर की आंखें कमल जैसी हों। चतुर्भुजी और कौस्तुकमणि से सुशोभित होने के कारण श्रीहरि नारायण का नाम भगवान विष्णु पड़ा।

### हरि नाम का अर्थ

भगवान विष्णु को इस जगत का पालकर्ता माना जाता है, जो संसार के समस्त दुखों को हरते हैं, इस कारण से भगवान विष्णु को हरि नाम से संबोधित किया जाता है।

### अच्युत नाम का अर्थ

भगवान श्रीहरि विष्णु के अच्युत नाम का अर्थ है, ऐसा दिव्य पुरुष जो अमर हो और जिसको कभी नष्ट न किया जा सके।

इसके अलावा श्रीहरि को पुरुषोत्तम भी कहा जाता है। इस नाम का अर्थ है पुरुषों में सबसे श्रेष्ठ।

# बड़े विरक्त मन से भगवान शंकर ने श्रीसती जी को यज्ञ में जाने की आज्ञा दी

**भगवान** शंकर के वचनों को भला कहाँ असत्य सिद्ध होना था। भगवान शंकर ने जब कहा था, कि पिता के यहाँ बिना बुलाये जाने से कल्याण नहीं होगा, और साथ ही शील-स्नेह व मान मर्यादा भी नहीं रहेगी, तो ऐसा तो होकर रहना ही था। भगवान शंकर देख रहे हैं, कि श्रीसती जी के मन में, अपने पिता के गृह भवन में किये जा रहे, यज्ञ आयोजन में अति रुचि है। वहाँ जाना भोलेनाथ को अप्रिय भी नहीं था। कारण कि यज्ञ में जाने से तो भगवान शंकर को प्रसन्नता ही होनी थी।

**अर्थात हे सती!** यद्यपि इसमें कोई संदेह नहीं, कि मित्र, स्वामी, पिता और गुरु के घर बिना बुलाये भी चले जाना चाहिए। किंतु तब भी जहाँ कहीं जाने से कोई विरोध मानता हो, वहाँ जाने से कल्याण नहीं होता है। भगवान शंकर ने सोचा, कि सती को मेरे किसी वचनों से चोट भी न पहुँचे, और वे आने वाले कष्टों से भी बच जाये। किंतु श्रीसती जी के हृदय में किंचित भी बोध नहीं हो रहा था। श्रीसती जी के मन में एक बार भी यह भय उत्पन्न नहीं हुआ, कि अपनी मनमानी के फेर में वह पहले ही महादेव की दृष्टि में अपात्रता झेल रही हैं। यह तो उनकी कृपा थी, कि भगवान शंकर अभी भी उसे कटाक्ष भरे वचन न बोल कर, कथा प्रसंगों के माध्यम से ही समझा रहे थे। किंतु श्रीसती जो थी, कि बस एक ही रट लगाये बैठी थी, वह यह, कि उन्हें अपने पिता के यज्ञ में जाना ही जाना है। बहुत प्रकार से समझाने पर भी दक्ष कन्या जब नहीं मानी, तो भगवान शंकर ने बड़े विरक्त मन से सती को यज्ञ में जाने की आज्ञा दी। किंतु साथ में अपने मुख्य गणों को भेज दिया। भगवान शंकर के वचनों को भला कहाँ असत्य सिद्ध होना था। भगवान शंकर ने जब कहा था, कि पिता के यहाँ बिना बुलाये जाने से कल्याण नहीं होगा, और साथ ही शील-स्नेह व मान मर्यादा भी नहीं रहेगी, तो ऐसा तो होकर रहना ही था। क्योंकि श्रीसती जी ने जैसे ही अपने पिता के महलों में कदम रखा, तो निश्चित ही उनका भव्य स्वागत होना चाहिए था। किंतु दक्ष के भय के मारे, किसी ने भी श्रीसती जी का स्वागत न किया। केवल माता ही थी, जो श्रीसती जी से गले लिपट कर मिली।

# भगवान विट्ठल तो अद्भुत रसायन हैं...

## श्रीकृष्ण का यह रुप विश्व की दृष्टि से अद्भुत है, चराचर और फूल-पत्तों में समाए विठ्ठल भेदभाव से परे हैं

**पंढरपूर** की पालखी यात्रा जिसे पंढरपूर वारी भी कहते हैं, एक प्राचीन धार्मिक यात्रा है। यह यात्रा महाराष्ट्र मे पुणे (आळंदी) और देहू से प्रारंभ होती है जो सोलापूर जिले के पंढरपूर मे भगवान विठ्ठल के चरणों मे संपन्न होती है। पंढरपूर की पालखी यात्रा को पंढरपूर की वारी भी कहते हैं। मराठी माणुस की मुख्य पहचान अगर है तो वह एक है छत्रपति शिवाजी महाराज और दूसरी पंढरपूर की वारी। आठसौ वर्षों से चलती आ रही है परंपरा, शायद ये दुनिया भर में अपनी तरह की एक अलौकिक उपक्रम है। निरंतरता, व्यापकता स्वीकृती और इन सब के पीछे भक्ती भाव की विविध विशेषताओं से समृद्ध महाराष्ट्र की पालखी समारोह की चर्चा दुनिया भर में चर्चा का विषय रहा है। लाखों वारकरी (श्रद्धालु) हाथ मे ढोल, मुख में हरिनाम, विठू माऊली का उद्घोष करते समय अपनी भक्ति-भाव में लीन हो जाते है, और इस भक्तीमय वातावरण में विठ्ठल के दर्शन के लिए पंढरपूर की और निकल पडते हैं।

पंढरपूर की पालखी यात्रा जिसे पंढरपूर वारी भी कहते हैं, एक प्राचीन धार्मिक यात्रा है। यह यात्रा महाराष्ट्र मे पुणे (आळंदी) और देहू से प्रारंभ होती है जो सोलापूर जिले के पंढरपूर मे भगवान विठ्ठल के चरणों मे संपन्न होती है। पंढरपूर की पालखी यात्रा को पंढरपूर की वारी भी कहते है। मराठी शब्द वारी का अर्थ है धार्मिक यात्रा करना और जो भक्तिभाव से अपने धार्मिक स्थान की यात्रा बार-बार करता है उसे वारकरी कहा जाता है। महाराष्ट्र के सांस्कृतिक और सामाजिक वैभव का सर्वश्रेष्ठ आविष्कार अर्थात पंढरपूर की वारी है। लगभग 800 वर्षो से चली आ रही है ये वारी परंपरा महाराष्ट्र की चैतन्यता का मूल स्त्रोत है। महाराष्ट्र की भूमि महान संत-महात्माओं की पवित्र भूमि रही है। सोलापूर जिले के पंढरपूर



तहसील मे स्थित विठ्ठल मंदिर मे आषाढ महीने के ग्यारवें दिन (एकादशी) भगवान विठ्ठल अर्थात भगवान श्रीकृष्ण के एक रूप की भव्य पूजा होती है। जिसे राज्य के मुख्यमंत्री पत्नी सहित विधिवत पूजा में बैठते हैं।

### विठ्ठल संपूर्ण महाराष्ट्र के लोक विलक्षण देवता है

चराचर और फुल-पत्तों में समाए विठ्ठल भेदभाव से परे हैं। जिसकी वजह से उनके चरणों में स्त्री-पुरुष का भेद नहीं है। विठ्ठल के निर्माण की कथा स्त्री-प्रधान है, कदाचित यह किवदंती भी हो सकती है।

एक बार भगवान श्रीकृष्ण की पत्नी रुक्मिणी नाराज हुई और दिंडीखन में आ गई। दिंडीखन जिसका अर्थ है दंडकारण्य! महाराष्ट्र का प्राचीन नाम.. किसी ने पत्नी का पीछा छोड दिया हो और दूसरी पत्नी बनाई हो, लेकिन विठ्ठल (श्रीकृष्ण का एक रुप) तो अद्भुत रसायन है.. विश्व की दृष्टि से अद्भुत है। ऐसा कहा जाता है की पत्नी को समझाने के लिए आए, किंतु नाराज रुक्मिणी दींड में निवास करने लगी।

रुक्मिणी की खोज करते करते विठ्ठल वहां पहुंचे। रुक्मिणी को समझाया और वापस लोटते समय उन्हें अपने भक्त पुंडलिक की याद आई। संत पुंडलिक को दर्शन देने, वे उनके घर पहुँचे। संत पुंडलिक अपने माता-पिता की सेवा मे इतने व्यस्त थे की उन्हें विठ्ठल के आने का पता ही नहीं लगा। ऐसे मे जब विठ्ठल ने उने पुकारा तब वे आए और विठ्ठल की ओर ईट रखते हुए बोले की, भगवान इस ईट पर प्रतीक्षा कीजिए और मैं थोडी देर में अपने माता-पिता की सेवा करके आता हूं। ऐसा बोलकर वह फिर से अपने माता पिता की सेवा में लग गए। संत पुंडलिक की सेवा भावना से खुश होकर भगवान श्रीकृष्ण अपने कमर पर हाथ रखकर ईट पर खड़े हो गए। बाद में जब भगवान श्रीकृष्ण ने संत पुंडलिक से वरदान मांगने को कहा तो, पुंडलिक ने उनसे इसी रुप में हमेशा के लिए रह कर भक्तों को दर्शन देने का निवेदन किया। इस निवेदन को भगवान ने स्वीकार कर लिया। ईट पर स्थापित भगवान को इसी कारण से भगवान विठ्ठल के नाम से जाना जाता है। इस तरह भगवान विठ्ठल (भगवान श्रीकृष्ण का एक रूप) भक्तों के मन मे बसे और संत पुंडलिक की वजह से यह स्थान पुंडलिकपूर कहलाया जो आगे जाकर पंढरपूर हो गया।

### पावले पावले तुझे आम्हा सर्व, तुझ्या नको भाव होऊ देऊ

ऐसे संत तुकाराम भगवान विठ्ठल को अपने अभंग द्वारा बिनती करते हैं। महाराष्ट्र के दैवत पंढरी के विठोबा का और भक्ति रस में डुबी चंद्रभागा का संबंध अटूट है। पंढरी की वारी और चंद्रभागा नदी मे पवित्र स्नान की अखंड परंपरा रही है। चंद्रभागा में स्नान से पावन हुए वारकरिओं का मन विठुराया के दर्शन से तृप्त हो जाता है। तृप्ती का यह आनंद महाराष्ट्र भर में फैला है, इसलिये नदियों की स्वच्छता की मोहीम में चंद्रभागा को नमन करने वाले नमामि चंद्रभागा अभियान को राज्य सरकारने सुरू किया है। परमेश्वर की भक्ती करने का हर इंसान का अधिकार है। यह विचार वारकरी संप्रदाय ने व्यक्त किया है। वारकरी संप्रदाय के संतों का नाम देखें तो इसमें सभी की समावेशकता दिखाई देती है। वारकरी संप्रदाय में ज्ञानदेव, नामदेव, शिंपी चोखोबा, बंका महाराज, नरहरी सोनार, सावता माली, गोरा कुंभार, सेन न्हावी, तुकोबा वाणी, एकनाथ इत्यादी संत हुए हैं। इसी तरह से मुक्ताबाई, जनाबाई, निर्मला, कान्होपात्रा, बहिणाबाई हे संत कवियत्री है। इन नामो का सांप्रदायिक महत्त्व के साथ ही सामाजिक महत्त्व भी है।

### वारी का अलौकिक सफर

पंढरपूर वारी में हिंदू माह आषाढ की एकादशी (ग्यारस) याने की, ग्यारवें दिन भगवान विठ्ठल का दर्शन करने हेतु महाराष्ट्र के अलग अलग स्थानों से लाखों श्रद्धालु याने की वारकरी पंढरपूर की और पैदल निकल पडते हैं।

धार्मिक भावना से सरोबार होकर लोगों का समूह भजन-कीर्तन करते हुए ढोल-ताशे, मृदंग, तालवाद्य और अन्य संगीत वाद्य सहित भगवा झंडा थामे, महिलाओं के सर पर तुलसीवन या जल की घागर उठाये भगवान की भक्ति में मंत्रमुग्ध होकर, बगैर किसी भेदभाव के श्री हरी विठ्ठल के दर्शनों के लिए निकल पडते हैं।

यह यात्रा लगबग 250 किलोमीटर की होती है, जिसे इक्कीस दिन लगते हैं। यह भजन कीर्तन करते हुए अनेक संस्थाएं, इसी यात्रा में सम्मलित होती है, जिसे मराठी मे दिंडी कहते हैं। हर दिंडी अथवा समूह का एक अलग दिंडी क्रमांक होता है, जिसे उस समूह की पहचान होती है।

### पावन पालखी की वारी

महाराष्ट्र राज्य तो संतो-महात्मा की भूमि है। यह पालखी इन्ही संतो के जन्मस्थान या समाधी स्थलों से प्रारंभ होती है। पालखी को सुशोभित कर, एक सुसज्जित बैलगाडी पर संतो की चरण पादुकाएं रखी जाती है। इन बैलगाडी को ताकतवर बैल खीचते है, जिने आकर्षक तरीके से सजाया जाता है। वैसे तो अनेक पालखियां पंढरपूर जाती है, लेकिन इन मे दो पालखी प्रमुख है। पहली पालखी संत तुकाराम महाराज की जो उनके जन्मस्थान देहू (पुणे) से होती है और दूसरी पालखी संत ज्ञानेश्वर की होती है जो पुणे के आळंदी (ज्ञानेश्वर महाराज की समाधी स्थल) से शुरू होती है।

यात्रा प्रारंभ होने से संपन्न होने तक कब और कहां खाना है, ठहरना है, दिन में कितना, किस मार्ग से चलना है, यह सब प्राचीन समय से निर्धारित है। राज्य प्रशासन के अलावा, बहुत सारे श्रद्धालु और संस्थाएं पालखी मे वारकरियों के लिए नाश्ता, पानी और भोजन की व्यवस्था करते हैं। इस वारी की खासियत यह है कि, लाखों श्रद्धालु पैदल यात्रा तो करते हैं, लेकिन पूरे अनुशासन, समता भाव, नम्रता तथा बिना किसी स्वार्थ के। केवल एक ही भावना लिए... की भगवान विठ्ठल या विठुराया हमारी भक्ती को कबूल करें और अपने चरण कमलों से जोडकर रखे। श्रद्धालु एक दूसरे को माऊली बुलाते हैं, माऊली शब्द की व्यापकता को दो पंक्तियों में व्याख्यायित कर दर्ज करना संभव नहीं है। माऊली शब्द का अर्थ ही है मां।

### भगवान विठ्ठल की महापूजा

आषाढी एकादशी के दिन लाखों श्रद्धालु पंढरपूर मे पहुंचकर चंद्रभागा नदी मे पवित्र स्नान करते हैं और ब्रह्ममुहूर्त मे तडके दो 2.20 बजे भगवान श्री विठ्ठल की पूजा मुख्यपादे और आद्य सेवकों से इसका आरंभ होता है।

### खाटू श्याम चालीसा का पाठ करने से हर परेशानी का होगा अंत



**खाटू श्याम** को हारे का सहारा कहा जाता है। आज हम खाटू श्याम की चालीसा के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसका रोजाना पाठ करने से आप भी खाटू श्याम बाबा की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

खाटू श्याम को भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप माना जाता है। वहीं खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है। मान्यता है कि जो भी भक्त भक्तिभाव से श्रद्धापूर्वक खाटू श्याम बाबा की पूजा-अर्चना व चालीसा करता है, भगवान उसके सभी कष्टों को हर लेते हैं और जातक के दुखों का अंत होता है। साथ ही घर में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली आती है इसलिए रोजाना खाटू श्याम बाबा की चालीसा करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम खाटू श्याम की चालीसा के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसका रोजाना पाठ करने से आप भी खाटू श्याम बाबा की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

# सावन के पहले सोमवार को उमड़ा शिव भक्तो का सैलाब, गूंजे हर हर महादेव के जयकारे













**बरेली(बरेली की आवाज)।** हर हर महादेव.. आज सावन का पहला सोमवार है.. ऐसे में नाथ नगरी बरेली में लाखो की संख्या मे भक्त सुबह 3 बजे से ही भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए मंदिरों में जुटने लगे शिव भक्त , बरेली की चारो दिशाओ में सात नाथ विराजमान है.. इसलिए इसे नाथ नगरी के नाम से जाना जाता है.. बरेली अति संवेदनशील शहरों में आता है इसलिए यहाँ पर सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किये गए है.. बरेली के सभी भगवान भोले नाथ के मंदिरों पर सुबह से ही भक्तो का जन सैलाब देखने को मिल रहा है.. हाथो में लोटा और लोटे में जल.. बेल पत्री फूल लेकर सभी भक्त बाबा का.. जलाभिषेक करने के लिए घंटो से लाइनो में लग रहे है.. सावन का पहला सोमबार होने की बजह से.. बड़ी संख्या में भक्तों ने प्राचीन शिव मंदिरो में त्रिवटी नाथ मंदिर , अलखनाथ मंदिर, धोपश्वर नाथ मंदिर , तपेश्वर नाथ मंदिर , पशुपतिनाथ मंदिर, मढ़ीनाथ मंदिर और शहर के सभी छोटे बड़े मंदिरों में भक्तों लंबी लाइने लगी रही । मंदिरों में शिव भक्तो ने जलाभिषेक किया और सुख समृद्धि की प्रार्थना की.. जिले के सभी शिव मंदिरो में भक्तो की भीड़ दिखाई दे रही है.. भक्तों का कहना है.. श्रवण मास भगवान शिव का सबसे पसंदीदा माह है.. और भगवान शिव अपने भक्तों से प्रसन्न होते हैं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील फरीदपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



जन सामान्य की समस्याओं को सुनकर उनके समयबद्ध एवं वास्तविक निस्तारण के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को दिए गये आवश्यक निर्देश

जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण के हित में अधिक से अधिक पेड़ लगाने की करी अपील

**बरेली(बरेली की आवाज)।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की उपस्थिति में आज जनपद बरेली की तहसील फरीदपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जहां जिलाधिकारी द्वारा जन सामान्य की समस्याओं को सुनकर उनके समयबद्ध एवं वास्तविक निस्तारण के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम तहसील दिवस पर लगे विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि एक हेल्प डेस्क लगाकर पात्रो के आयुष्मान कार्ड भी बनाये जाएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिवक्ताओं ने बैकनिया रोड़ पर जलभराव की समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका फरीदपुर को निर्देश दिये कि नाला निर्माण कराकर जलभराव की समस्या को दूर किया जाये।

ग्राम दौलतपुर करैना में घटिया निर्माण कार्य, गुणवत्ता में कमी, विलंब की शिकायत आने पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग तथा ए0ई0 को जांच कर सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी को ग्राम प्रधानों ने अवगत कराया कि हर घर जल योजना के अन्तर्गत ग्रामों में सड़कों व गलियों में पाइप लाइन डालकर खुली छोड़ दी गयी हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिये कि एनसीसी हेड को बुलाकर सम्बंधित गांव के ग्राम प्रधानों के साथ निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाले जमीनी विवाद की शिकायतों पर निर्देश दिये गये कि ऐसे जमीनी प्रकरण जो विवादित व सिविल कोर्ट से संबंधित ना हो उन शिकायतों का संबंधित लेखपाल व राजस्व कर्मी द्वारा पैमाइश कराकर निस्तारण कराया जाये। सरकारी जमीनों पर यदि कहीं अवैध कब्जे हैं तो उनको तत्काल हटवाया जाये। जिलाधिकारी ने तहसील फरीदपुर से आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये गये कि राजस्व अथवा अन्य किसी विभाग से सम्बंधित एक ही शिकायत यदि बार-बार आती है तो यह माना जावेगा कि सम्बन्धित विभाग द्वारा वास्तविक निस्तारण नहीं किया गया है, ऐसी स्थिति में कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। अतः जिस गांव से तथा जिस विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें आई हैं सम्बंधित अधिकारी उस गांव में जाकर शिकायतों का संतोषजनक निस्तारण करायें। जिलाधिकारी ने विगत सम्पूर्ण समाधान दिवसों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने जानकारी ली कि कांवड़ यात्रा से सम्बंधित कहीं कोई समस्या तो नहीं है, कांवड़ मार्गों के बारे में भी जानकारी ली गयी, जिस पर अवगत कराया गया कि मार्गों की व्यवस्था दुरस्त है। कांवड यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने और यात्रा के दौरान चलने वाले डीजे को निर्धारित ऊंचाई व चौड़ाई तथा आवाज मानक के अनुरूप रखे जाने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये गये कि श्रावण मास में मंदिरों के आस-पास जल भराव, कूड़ा-कचरा आदि ना इक्ट्ठा होने दिया जावे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं तहसील परिसर में पीपल, बरगद तथा पाकड़ के पेड़ का पौधारोपण कर जनसामान्य से पर्यावरण के हित में अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, उप जिलाधिकारी फरीदपुर अजय उपाध्याय, तहसीलदार फरीदपुर, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ऑवला से अलीगंज गैनी मार्ग का चौडी करण करने की मांग की



**बरेली(बरेली की आवाज)।** ऑवला से अलीगंज गैनी मार्ग का चौडी करण कराने की मांग करते हुए समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अनिल पटेल के नेतृत्व में गांव वाले और कार्यकताओं के साथ जिला अधिकारी कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी को दिया।

अनिल पटेल ने मांग की है की ऑवला से अलीगंज गैनी मार्ग तक सिंगल रोड है इस सिंगल रोड पर सावन में भारी व हल्के वाहनों को हाईवे से इस रोड पर डिवाईड कर दिया जाता है। जिसमें वहाँ के लगभग 45 गाँव वालो को बहुत तकलीफ का सामना करना पडता है। हम समस्त गाँव वाले चाहते है कि उक्त रोड का चौडीकरण किया जाए रोड चौडा होने से क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालो में श्रीपाल सिंह यादव, लक्ष्मण प्रसाद पाल , अंकित कटियार , विजेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, विपिन यादव , देवेंद्र कश्यप, यशवीर यादव, पुष्पेंद्र यादव, महेश कश्यप, लालता प्रसाद,वेद प्रकाश, महेंद्र पटेल , सतीश पाल आदि मौजूद रहे।

## बहेड़ी में ग्रामीण की हत्या रोड किनारे मिला शव

**बरेली(बरेली की आवाज)।** बहेड़ी थाना क्षेत्र के मोहल्ला टांडा का रहने वाला व्यक्ति अपने खेत पर गया था , परंतु शाम को घर पर लौटकर नहीं आया। अगले दिन उसकी रोड के किनारे लाश मिली। परिजनों का कहना है कि उनकी हत्या की गई है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बहेड़ी थाना क्षेत्र के टांडा वार्ड नंबर 23 का रहने वाला 60 वर्षीय सज्जाद पुत्र अब्दुल हामिद अपने खेत पर गया था परंतु शाम को घर लौटकर नहीं आया। अगले दिन उसका शव सिकरी मुड़िया रोड पर रोड के किनारे पड़ा मिला । मौके पर एक डंडा पड़ा मिला और सज्जाद की मोटरसाइकिल भी गायब थी तथा जेब में रखे पैसे भी नहीं थे। सिर में गम्भीर चोट थी और हाथ पर भी चोट थी सज्जाद की दो पत्नियों हैं जिसमें पहली पत्नी से चार पुत्र और दो पुत्री है और दूसरी पत्नी से दो पुत्र और एक पुत्री है। सज्जाद के लड़के ने बताया कि तीन दिन पहले सज्जाद ने 150 कुंतल गल्ला धान 2,50,000 रुपए में बेचा था। मृतक सज्जाद के परिजनों का कहना है कि उन्होंने यह पैसे कहां रखे यह




किसी को नहीं पता है। हो सकता है कि इन रुपयों के लिए उनकी हत्या की गई हो। उसके बेटे ने एक बात और बताई कि जब भी सज्जाद घर से निकाल कर जाते थे तो लौटते वक्त वह रास्ते को बदल देते थे इसका मतलब उनकी किसी से रंजिश थी मगर वह परिवार वालों को इस रंजिश के बारे में नहीं बताते थे। सज्जाद के पुत्र का आरोप है कि उसके पिता की हत्या की गई है। पुलिस ने मामले में सज्जाद के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और विधिक कार्रवाई कर रही है।

## नाथनगरी से 'काशी' नगरी तक चहुं ओर हर-हर महादेव की गूंज

हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हुई नाथ नगरी

**बरेली(बरेली की आवाज)।** भगवान शिव को समर्पित सावन माह का सोमवार से शुभारंभ हो गया। आस्था से ओतप्रोत शिवभक्तों का सैलाब तड़के चार बजे से ही शिवालयों में उमड़ने लगा। शहर से लेकर गांव तक के शिवमंदिरों में शिवभक्तों ने पहुंचकर महादेव के दर्शन और पूजन किया। हरिद्वार और कछला घाट से गंगाजल लाकर कांवड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र, फल और फूल चढ़ाकर मनौती मांगी। पहले सोमवार के चलते शिव भक्तों में गजब का उत्साह है। नाथनगरी बरेली से छोटी काशी कह जाने वाले गोला गोकर्णनाथ तक हर हर महादेव और बम बम भोले की गूंज हैं। रविवार रात से ही कांवड़ियों के जत्थे गंगाजल लेकर पहुंचने लगे थे। कई मंदिरों पर देर रात से ही श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गई थी। भोर होते ही जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया।

सावन में बरेली के सातों नाथ मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है। मध्य रात्रि में सबसे पहले मढ़ीनाथ मंदिर का द्वार खुला और श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव उद्घोष के साथ भगवान शिव का दर्शन,इसी के साथ, बाबा श्री अलकनाथ श्री बनखंडी नाथ श्री तपेश्वर नाथ श्री त्रिवटी नाथ सहित सभी नाथ मंदिरों पर सुबह से ही कावंड़ियों की और भोले के भक्तों की लाइनें लग गई थी। जिसके बाद सुबह से लेकर शाम तक मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ रही साथ ही भक्तो पूजन अर्चना कर जलाभिषेक किया।

## करोडो खर्च करने के बाद भी रेलवे आवास जर्जर सूरजमल मीना

**बरेली(बरेली की आवाज)।** पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ कारखाना मन्डल इज्जतनगर की महत्वपूर्ण बैठक आज न्यु माडल कालौनी मे सम्पन्न हुई जिसमे स्थानीय समस्यो को जेड आर यू सी सी सदस्य एंव सरक्षक ओ पी एन तिवारी एंव विभूति यादव के समक्ष रखा गया और उनको रेलवे कालौनियो की दयनीय स्तिथि और खराब नालियो और स्ट्रीट लाईट की समस्या से अवगत कराया उन्होंने आश्वासन दिया की जल्द ही इस सम्बन्ध मे मण्डल रेल प्रबन्धक महोदया को इन समस्याओ के बारे मे बताया जायेगा मन्डल मन्त्री कारखाना इज्जतनगर सूरजमल मीना ने कहा आज प्रत्येक वर्ष रेलवे कालौनीयो पर लाखो करोडो रुपये खर्च किये जा रहे पर उसके उपरात भी सत्तर प्रतिशत से अधिक रेलवे आवसो की छतो शौचालय नालिया सडक फैसिग आदि रहने योग्य नही है आखिर यह पैसा खर्च हो कहा रहा है आज कर्मचारी आई ओ डब्लू आफिस के



चक्कर लगाते लगाते परेशान है वह नौकरी करे या विभागीय आवस की मरम्मत कराने कार्यालय जावे आज रेलवे आवासो का की मरम्मत का कार्य बडे पदो पर आसीन कर्मचारियों का ही हो रहा जहा अनेको ऐसे आवास है जिनमे एक साल मे दस दस बार कार्य कराया जा रहा वही दूसरी तरफ आम कर्मचारी के घर दो दो साल मे भी कोई मरम्मत का काम नही कराया गया जबकि कर्मचारियों से मेन्टेनेन्स के मद मे लाखो रुपये की वसूली हो रही है अनेको आवसो मे खतरनाक सूखे एवम जर्जर पेड खडे है जो कभी भी आवस पर गिर सकते है परन्तु कर्मचारियों की कही कोई सुनवाई नही साथ ही आई ओ डब्लू आफिस एन एम सी मे कार्यरत एक कर्मचारी सिर्फ एक ही युनियन की कम्प्लेन आने पर वही स्टाफ को भेजता चाहे बाकि कर्मचारियों का कितना भी बडा काम क्यो ना हो जल्द ही इस विषय पर एक बडा आन्दोलन खडा रेल अधिकारियो के सामने यह मुददा उठाया जावेगा रेलवे आवसो मे आई ओ डब्लू आवासो की फैन्सिग तक कराने मे सक्षम नही रह गये है अगर आवसो की सही तरह से जांच कर ली जाये तो सारी सच्चाई खुद व खुद सामने आ जायेगी केन्द्रीय उपाध्यक्ष जे एस भदौरिया ने कहा कि कर्मचारी खुल कर अपनी समस्या को श्रमिक संघ को अवगत कराये प्रशासन से सकारात्म बात कर समस्याओ को हल कराया जायेग और अब पानी सर के ऊपर बह रहा है इसलिये इन विषयो पर आन्दोलन की आवश्यकता है जल्द ही रुप रेखा तय कर योजना पर अम्ल किया जायेगा कार्यकर्ता रेलवे आवसो के सम्बन्ध मे सबुत एकत्र करे और भेजे ताकि प्रशासन सच्चाई को समझ सके बैठक मे नन्दन सागर , दलसिंगार यादव रविन्द्र यादव वसीम मिया रविन्द्र कुमार धन कुमार पासवान रुद्र प्रताप चन्दन रावत सोमूल शर्मा विवेक शर्मा आशाराम मीना रामप्रसाद नीरज भास्कर अरविद भदौरिया विभूति यादव रोहित कुमार विनोद शर्मा अजय कन्नौजिया त्रिभुवन यादव के साथ सैकडो कर्मचारी शामिल हुए।

## घर में घुसकर की मारपीट फिर युवक को मस्जिद उठाकर ले गए जमकर पीटा, इलाज दौरान मौत





**बरेली(बरेली की आवाज)।** बीते दिनों मोहर्रमदारी को लेकर थाना शाही क्षेत्र के एक गांव में हुए बवाल के बाद बलवा करने वाले लोगों द्वारा की गई मारपीट में घायल पूर्व प्रधान पुत्र की आज इलाज के दौरान मौत हो गई।

बीते दिनों थाना शाही क्षेत्र के ग्राम गौसगंज में मोहर्रम के दिन नए रास्ते से ताजिए निकालने को लेकर दो समुदाय के लोगों में विवाद हो गया था इसके बाद किसी तरह मामला शांत हो गया । उसके तीसरे दिन मुस्लिम पक्ष के लगभग 100 लोगों ने ताजिया ना निकलने देने से नाराज होकर घर में घुसकर मारपीट की , जिसमें लगभग 10 लोग घायल हो गए। इस मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए पूर्व ग्राम प्रधान का पुत्र तेजपाल पुत्र हीरालाल की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मारपीट में तेजपाल के अलावा रेवीराम , बेनीराम , रूपचंद, रामप्यारी ,कुंदन लाल ,हेमवती सहित लगभग 10 लोग घायल हुए थे , जिसमें तेजपाल गंभीर रूप से घायल हो गया था। आज रात में तेजपाल की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने तेजपाल के शव को पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । तेजपाल की मौत हो जाने के बाद पुलिस मुकदमें में हत्या की धारा बढ़ाने की बात कह रही है।